रोहतक
सोमवार, 9 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 129
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.8
न्यून. 25.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



07 सारा-जैस्मीन महिला युगल चैंपियन

## खबर संक्षेप



### क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने की सगाई

**लखनऊ।** टीम इंडिया के क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है। रविवार को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल में रखी गई थी। इस सेरेमनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स प्रवीण कुमार और पीयूष चावला नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए। *एजेंसी*

### इसरो और नासा मिलकर लॉन्च करेंगे मिशन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने घोषणा की है कि वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर एक ऐतिहासिक निजी अंतरिक्ष मिशन लॉन्च करने जा रही है। इस मिशन का नाम एक्सिओम मिशन 4 (एएक्स-4) है, जो एक्सिओम स्पेस कंपनी द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह मिशन 10 जून को सुबह 8:22 बजे फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा। *एजेंसी*

### हिसार से चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट आज से

**हिसार।** हिसार से चंडीगढ़ के लिए हवाई उड़ान सोमवार यानी 9 जून से शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने हफ्ते में 2 दिन उड़ान भरने के लिए स्लॉट भी जारी कर दिया है। चंडीगढ़ से हिसार की पहली फ्लाइट सोमवार दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर रवाना होगी और शाम 4 बजकर 30 मिनट पर हिसार पहुंचेगी। वहीं, वापसी की फ्लाइट हिसार से शाम 4 बजकर 55 मिनट पर उड़ान भरेगी और शाम 5 बजकर 55 मिनट पर चंडीगढ़ पहुंचेगी। *हरिभूमि न्यूज*

# राजग सरकार ने 11 साल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया विज्ञान, शिक्षा, खेल सहित सभी क्षेत्रों में कर रही उत्कृष्ट प्रदर्शन : पीएम मोदी

**स्टार्टअप और सशस्त्र बलों में महिलाओं का विशेष योगदान मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को सक्षम बनाया**

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

## मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा



**मातृ मृत्यु अनुपात घटकर प्रति लाख 93 हुआ, 15.64 करोड़ लोगों को मिल रहा नल से जल**

### 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई

प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों ('लाइव बर्थ') पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए

उन्होंने कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा, ''हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।'

# जमीनी विवाद को लेकर पंचायत में की चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव छिछडाना में रविवार को दो परिवारों के बीच चल रहे भूमि विवाद के निपटारे के लिए आयोजित पंचायत में चचेरे भाई जयपाल उर्फ रिंकू ने अपने पिता सुभाष के सहयोग से अपने ताऊ रामचंद्र उर्फ नानू के पुत्र सुनील की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं बीच बचाव में आए मृतक के भाई अनिल पर भी चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। हत्या के बाद कथित आरोपी जयपाल व इसका पिता सुभाष फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना मतलौडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। जयपाल ने अनिल पर भी चाकू से कई वार किए, उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।



**हमले में दूसरा भाई गंभीर, हत्यारोपी चचेरा भाई व चाचा फरार, पुलिस ने जांच शुरू की**

### विवाद सुलझाने के लिए बुलाई थी पंचायत

मृतक सुनील के साले प्रदीप निवासी गांव खुखराना ने बताया कि गांव छिछड़ाना निवासी रामचंद्र उर्फ नानू और उसके भाई सुभाष के बीच ढाई एकड़ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विवाद के निपटारे को लेकर रविवार को पंचायत की गई। पंचायत में गांव के नंबरदार बलकार सिंह, राजू, रामकुमार, ऋषिपाल, रणधीर भी शामिल हुए। दोनों परिवारों के लोगों ने पंचायत में बारी-बारी अपनी बात रखी। इसी दौरान सुभाष का बेटा जयपाल पंचायत में सवाल जवाब होने पर नाराज होकर घर चला गया। जब जयपाल लौटा तो उसके हाथ में चाकू था। उसने पंचायत में पहुंचते ही अपने ताऊ के बेटे सुनील पर हमला कर दिया। जयपाल ने सुनील पर दनादन चाकू से कई वार किए। अपने भाई की जान बचाने आए अनिल पर भी जयपाल ने चाकू से कई वार किए। दूसरी ओर, थाना मतलौडा पुलिस ने बताया कि सुनील हत्याकांड व अनिल पर हमले के आरोपी जयपाल व इसका पिता सुभाष फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### दिल्ली : सूटकेस में मिला बच्ची का शव परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**अस्पताल ले जाते समय मौत**

**नई दिल्ली।** नेहरू विहार इलाके में शनिवार रात सूटकेस में गंभीर रूप से घायल बच्ची मिली। बच्ची अर्धनग्न हालत में थी। बच्ची के परिवार का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या का प्रयास किया गया। बच्ची की उम्र नौ साल बताई जा रही है। पुलिस के बताया कि बच्ची के पिता उसे अस्पताल ले जा रहे थे। तब बच्ची बेहोश थी, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने कॉलोनी में ही रहने वाले नौशाद पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। पिता ने कहा कि बच्ची को पास के मकान में जाते देखा था। बच्ची शनिवार शाम दादी के घर बर्फ देने गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आई, तो तलाश शुरू की। पता चला कि बच्ची दादी के घर पहुंची ही नहीं थी। गली में खेल रहे बच्चों ने बताया कि उन्होंने बच्ची को पास के एक फ्लैट में जाते देखा था। जब परिजन उस फ्लैट पर पहुंचे, तो वहां ताला लगा था। ताला तोड़कर अंदर जाने पर एक सूटकेस मिला, जिसमें से खून रिस रहा था। सूटकेस खोलने पर बच्ची बेहोशी की हालत में मिली। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# गर्मी व लू के थपेड़ों ने सताया पारा 45 डिग्री के पार पहुंचा

- *समूचा हरियाणा और एनसीआर हीटवेव की चपेट में, अभी राहत की उम्मीद नहीं*
- *45.8 डिग्री के साथ सिरसा रहा प्रदेश में सबसे गर्म, ज्यादातर जिलों में 42 डिग्री पार*
- *मरुस्थलीय पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान बढ़ रहा, 11 जिलों में ज्यादा असर*
- *15-16 को अंधड़ और हल्की बारिश से राहत मिलेगी, पूरा जून माह सताएगी गर्मी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार/रेवाड़ी

प्रदेश में तापमान बढ़ने से गर्मी व लू का प्रकोप शुरू हो गया है। समूचा एनसीआर हीट वेव की चपेट में है। मई माह में आए कई पश्चिमी विक्षोभ से भले ही मौसम ठंडा रहा और नागरिकों ने गर्मी के मौसम में भी ठंड का अहसास लिया लेकिन अब एकाएक गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। दो दिन से झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। रविवार को सिरसा में अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि फिलहाल गर्मी व लू का दौर चलेगा। राजस्थान के साथ लगते हरियाणा के 11 जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, झज्जर, रोहतक, पलवल, रेवाड़ी और मेवात में लू का असर देखने को मिलेगा। हरियाणा, एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से 45.0 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है।



### इसलिए बढ़ रही गर्मी

वर्तमान परिदृश्य में किसी भी मौसम प्रणाली का असर न होने की वजह से और साथ ही साथ मरूस्थलीय पश्चिमी गर्म और शुष्क हवाओं के आगाज से व सूर्य देव की चटक चमकदार धूप सक सम्पूर्ण इलाके में एक बार फिर तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। पूर्वी हवाओं के स्थान पर मरूस्थलीय पश्चिमी गर्म हवाएं चलने की वजह से पारा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### पारा मीटर

| जिला | पारा |
|---|---|
| सिरसा | 45.8 |
| रोहतक | 45.3 |
| पलवल | 44.2 |
| हिसार | 44.0 |
| भिवानी | 43.8 |
| नूंह | 43.3 |
| नारनौल | 43.0 |
| अंबाला | 42.5 |
| जींद | 42.2 |
| महेंद्रगढ़ | 41.5 |
| करनाल | 41.5 |
| गुरुग्राम | 41.5 |

### बिजली कटों ने सताया

भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग भी फिर से तेजी से बढ़ने लगी है। पावर कटों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। किसानों ने भी जून के शुरू में ही बारिश होने के बाद बाजरे की बिजाई शुरू कर दी थी। अभी भी किसान बिजाई कर रहे हैं। अगर ज्यादा गर्मी पड़ती है, तो बाजरे की फसल के लिए संकट पैदा कर देगी। फसल बचाने के लिए किसानों को सिंचाई का सहारा लेना पड़ेगा।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्र मोहन के अनुसार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आने वाले चार पांच दिनों तक पश्चिमी शुष्क व गर्म हवाएं चलने साथ ही साथ ही आसमान से आग बरसने की गतिविधियां देखने को मिलेगी। पूरे इलाके में लगातार तापमान में बढ़ोतरी के साथ हीट वेब लू अपने तेवर दिखाएगी। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ 12 जून को सक्रिय होने से केवल उत्तरी जिलों पर मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिलेगा। इसके पीछे एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 14 जून को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने 15 और 16 जून से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में तेज गति से हवाएं चलने अंधड़ आंधी और गरज चमक के साथ बिखराव वाली हल्की बारिश बूंदाबांदी प्री मानसून जैसी गतिविधियां के फिर से जोर पकड़ने की संभावना है।

# अतिक्रमणकारी सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के हक का दावा नहीं कर सकते : कोर्ट

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं, जिसके आधार पर पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए पात्रता तय की जाती है।

### याचिका खारिज की

अदालत ने लगभग 1,200 लोगों से संबंधित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। याचिका में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को आगे किसी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोकने, स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने, और याचिकाकर्ताओं को उनकी संबंधित झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों से जबरन बेदखल न करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) को प्रभावित निवासियों का उचित और व्यापक सर्वेक्षण करने तथा 2015 की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था।

**बेंगलुरु भगदड़ में खुलासा**

# पुलिस अधिकारी ने सरकार से मांगा था अतिरिक्त पुलिस बल

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु भगदड़ केस में रविवार को नया खुलासा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, डीसीपी एमएन करिबासवना गौड़ा ने 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले राज्य सरकार को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी। इसमें उन्होंने कहा था कि आरसीबी की फैन फॉलोइंग पूरे देश में है। अगर चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रोग्राम होता है तो लाखों लोग वहां पहुंच सकते हैं। हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल नहीं है, जिससे सुरक्षा इंतजाम करना मुश्किल होगा। इस पत्र के सामने आने के बाद सरकार पर सवाल उठ रहे हैं कि जब पहले से ही खतरे की जानकारी थी, तो इतने बड़े आयोजन की इजाजत क्यों दी गई। 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

**अनदेखी**

**बताया था, आ सकते हैं लाखों फैंस, संभालना होगा मुश्किल**

**जश्न के दौरान भगदड़ में हुई थी ग्यारह लोगों की मौत**

**मणिपुर में फिर बवाल**

### मैतेई नेता की गिरफ्तारी के विरोध में गाड़ियां फूंकी

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में मैतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के नेता करन सिंह को रविवार को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर 2023 में हिंसा भड़काने के आरोप है। इनकी गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद मणिपुर में हिंसा भड़क गई। राजधानी इंफाल के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आग लगा दी, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए। सुरक्षाबलों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की। सरकार ने 7 जून की रात 11:45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर शामिल हैं।

**राज्यसभा सांसद बोलीं-कांग्रेस में त्याग और समर्पण की भावना से काम नहीं होता**

# कांग्रेस पूरी तरह से शून्य में पहुंची निजी स्वार्थों का समूह : किरण

*कांग्रेस में चार दशक तक रहने के बाद व्यक्ति विशेष की पार्टी का आरोप लगा भाजपा का दामन थामा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

**खास खबर**

चौधरी बंसीलाल परिवार की बहू और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी का मन अब पूरी तरह से भाजपा में लग गया है, लेकिन वे आज भी भी कांग्रेस में उनके साथ हुए व्यवहार को नहीं भूली हैं। हरिभूमि से विशेष बातचीत में किरण चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से शून्य की तरफ बढ़ गई है, क्योंकि यहां पर निजी स्वार्थ की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में लंबे वक्त तक काम कर चुकी किरण ने कहा कि कांग्रेस में त्याग और समर्पण की भावना से कोई काम नहीं करता। कुछ लोग कुंडली मारकर बैठे हैं, जो दूसरों को आगे नहीं आने देते। राहुल गांधी द्वारा लंगड़े घोड़े को रिटायर करने के बयान पर उन्होंने कहा कि देखना होगा किस किस को रिटायर करते हैं, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी प्रयास किए हैं लेकिन सुनता कौन है। किरण चौधरी ने चार दशक तक कांग्रेस में काम करने के बाद एक आदमी विशेष की पार्टी का आरोप लगाते हुए भाजपा का दामन थामा था। उन्होंने दुर्व्यवहार और अपमानित करने के आरोप लगाए थे। बाद में भाजपा ने उन्हें राज्यसभा सांसद बनाया।

**कांग्रेस में कुछ लोग कुंडली मारकर बैठे हैं जो किसी भी को आगे नहीं आने देते। इन लोगों की भूमिका को प्रदेशवासी अच्छी तरह से जानते हैं।**



### सामने बैठने का मतलब सभी कांग्रेसी एकजुट नहीं

सांसद किरण चौधरी ने राहुल गांधी के प्रदेश में आने और सभी नेताओं को एक जगह एकत्र करने साथ में बैठाने को लेकर कहा कि उनके सामने साथ बैठ जाने का अर्थ यह नहीं है कि सभी एकजुट हो गए हैं। लंगड़े घोड़े रिटायर करने के दावे किए जा रहे हैं, देखना होगा कि कब तक यह रिटायर होते हैं। देखना होगा इस पर अमल होता है या नहीं।

*(विस्तृत बातचीत पेज 2 पर पढ़ें)*



## खबर संक्षेप




### 11 साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे

**पंचकूला।** भाजपा जिला संगठन केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक जिला स्तरीय अभियान चलाएगा जिसके तहत जिले में प्रोफेशनल मीट, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की तैयारियों के सिलसिले में भाजपा मुख्यालय पंचकमल में जिला प्रधान अजय मित्तल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की लोकसभा संयोजक बंतो कटारिया, जिला संयोजक विशाल सेठ, दीपक शर्मा, नगर महापौर कुलभूषण गोयल, नगर परिषद् चेयरमैन कृष्ण लाम्बा उपस्थित रहे।

### पंचकूला में थाने के बाहर युवक ने की आत्महत्या

**चंडीगढ़।** पंचकूला सेक्टर 17 स्थित विजिलेंस पुलिस थाने के बाहर एक युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आत्महत्या की परिस्थितियों को स्पष्ट किया जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित नागरिक अस्पताल के शवगृह में भेज दिया है।

### प्राकृतिक खेती पर किया जा रहा फोकस : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सैनी सरकार अब प्राकृतिक खेती की तरफ फोकस करने लगी है,



रासायनिक खेती के स्थान पर इस तरह ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। खाद यूरिया और अन्य तरह की दवाओं को खेतों में प्रयोग करने से प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। इनके खाने से शरीर पर इसका प्रभाव होता है, यहां तक की जहां जहां पर ज्यादा खाद का प्रयोग किया जा रहा है, वहां वहां पर कैंसर भी फैल रहा है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव : 2 दिन में काटे 56 चालान

**पंचकूला।** ट्रैफिक पुलिस पंचकूला द्वारा जिला मे सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने व सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से शराब पीकर वाहन चलाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के निर्देशो पर नाको के दौरान पुलिस ने शुक्रवार व शनिवार रात एल्कोसेंसर की सहायता करीब 900 से अधिक वाहन चालकों की जांच की। जिसमे से 56 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाने का दोषी पाया गया इन चालकों के विरुद्ध तुरंत चालान की कार्रवाई की गई।

### एक लाख 37 हजार 468 लोगों ने किया योग

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश को एक स्वस्थ, नशामुक्त और पर्यावरण-संवेदनशील राज्य बनाने की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में खेल विभाग, आयुष विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग तथा पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में विशेष योग पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश में अब तक लगभग 9.50 लाख प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की जा चुकी है। आज प्रदेशभर में 1,37,468 लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया तथा 2,640 पौधे लगाए गए। अब तक कुल 40,721 पौधे लगाए जा चुके हैं।

---

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से विशेष बातचीत कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना : -

# राहुल गांधी कब तक लंगड़े घोड़ों को रिटायर करने की बात कहेंगे, बोलना बहुत ही आसान है, लेकिन उनकी कोई सुनता नहीं

## कांग्रेस में लौटने का सवाल ही नहीं, वहां समर्पण भाव से कोई काम नहीं करता : किरण चौधरी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

चौधरी बंसीलाल परिवार की बहू और राज्यसभा की सांसद किरण चौधरी का मन अब पूरी तरह से भाजपा में लग गया है। लेकिन वे अभी भी कांग्रेस में उनके साथ हुए व्यवहार को नहीं भूली हैं, बिना नाम लिए कांग्रेस के कुछ नेताओं को कोसने से पीछे नहीं हटती, कांग्रेस का नाम लेते ही उनका कहना है कि कांग्रेस पूरी तरह से शून्य की तरफ बढ़ गई है, क्योंकि यहां पर निजी स्वार्थ की राजनीति चल रही है। यहां विशेष बातचीत में कांग्रेस किरण चौधरी ने राहुल गांधी द्वारा लंगड़े घोड़े को रिटायर करने के बयान पर कहा कि देखना होगा किस किस को रिटायर करते हैं, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी प्रयास किए हैं लेकिन सुनता कौन है। भाजपा की ओर से राज्यसभा की सांसद किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी प्रदेश की नायब सैनी सरकार में मंत्री हैं।

सांसद और वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी का कहना है कि बेटी श्रुति बतौर मंत्री बहुत ही बढ़िया तरह से काम कर रही है, उन्होंने प्रदेश के सीएम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लोगों का सौभाग्य है कि रात दिन काम में जुटे हैं। सुबह से लेकर रात तक लोगों की बात सुनते हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दिनभर घूमना और बेहद ही सरल सौम्य तरीके से लोगों की दुख तकलीफ सुनकर उनको दूर करने वाले सीएम से जनता खुश है। भाजपा नेत्री और सांसद किरण चौधरी का कहना है कि कांग्रेस छोड़कर उन्होंने सही फैसला लिया, भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताती हूं। उन्होंने कहा कि देश के लिए काम करने का मंच मुझे यहां पर मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टी में लौटने का तो सवाल ही नहीं है, क्योंकि यह पार्टी तो शून्य की तरफ बढ़ती जा रही है। यहां पर पार्टी के लिए त्याग व समर्पण वाली भावना से कोई काम नहीं करता, पूरी तरह से पार्टी का सिलसिला नहीं रहा, निजी स्वार्थों समूह बन गया है, कुंडली मारकर कुछ लोग बैठे हैं, मैने बार बार कहा है कि सैटिंग की राजनीति करने वाले लोग निजी स्वार्थ की राजनीति करने में जुटे हैं। राज्य में सात आठ माह के अंदर नेता प्रतिपक्ष नहीं चुना गया है। प्रदेश के अंदर बाप-बेटा किसी अन्य को आगे नहीं आने देते बल्कि दोनों या फिर उनका कोई खासम खास ही आगे आ सकता है। निजी स्वार्थ की राजनीति करने वालों को प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है। लोकतंत्र के अंदर विपक्ष की भूमिका अहम होती है, लेकिन यहां पर इन लोगों की सैटिंग वाली भूमिका सभी प्रदेशवासी जान चुके हैं। राहुल गांधी के प्रदेश में आने और सभी नेताओं को एक जगह एकत्र करने साथ में बैठाने को लेकर उन्होंने कहा कि उनके सामने साथ बैठ जाने का अर्थ यह नहीं है कि सभी एकजुट हो गए हैं। लंगड़े घोड़े रिटायर करने के दावे किए जा रहे हैं, देखना होगा कि कब तक यह रिटायर होते हैं क्योंकि राहुल गांधी बार-बार बोलते रहे हैं, देखना होगा इस पर अमल होता है या नहीं।

### चार दशक के बाद में छोड़नी पड़ी कांग्रेस

किरण चौधरी ने भरे दिल से कांग्रेस को चार दशक बाद अलविदा कहा था, मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे इस्तीफे में किरण चौधरी ने गंभीर आरोप भी लगाए थे। हरियाणा कांग्रेस एक आदमी विशेष की पार्टी बन गई है। अभी भी वे बिना नाम लिए हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की ओर इशारा करने से पीछे नहीं हैं। खड़गे को लिखे पत्र में कहा था कि मेरी आवाज दबाकर मुझे अपमानित किया गया और मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। मेरा उद्देश्य हमेशा राज्य और देश के लोगों की सेवा करना रहा है। उन्होंने त्यागपत्र में लिखा था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। पिछले 4 दशकों से कांग्रेस पार्टी की एक वफादार सदस्य रही हूं। 40 सालों में मैंने पार्टी और लोगों के लिए जीवन समर्पित किया, जिनका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं. मैं आधुनिक हरियाणा के निर्माता बंसीलाल और मेरे स्वर्गीय पति चौधरी सुरेंद्र सिंह की समृद्ध विरासत का भी प्रतिनिधित्व करती हूं। किरण चौधरी की बेटी और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने भी हरियाणा कांग्रेस में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था। यह मामला उस वक्त ज्यादा बिगड़ा था जब श्रुति का टिकट काटकर राव दान सिंह को दिलाया गया था। भिवानी से राव दान सिंह चुनाव नहीं जीत पाए और राव दान सिंह ने भितरघात का आरोप भी किरण पर लगाया था, वहीं किरण का कहना था कि टिकट का बंटवारा सही होता तो इस सीट से कांग्रेस जीत सकती थी। इसी बात की नाराजगी के चलते दोनों के बीच खाई बढ़ गई। किरण चौधरी का जन्म भी दिल्ली कैंट में हुआ था। वह हरियाणा के झज्जर के गोछी गांव ब्रिगेडियर आत्मा सिंह अहलावत और सरला देवी की बेटी हैं।


किरण चौधरी, सांसद, राज्यसभा

### राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रही किरण

किरण चौधरी के पति 59 वर्षीय सुरेंद्र सिंह की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में आपातकालीन लैंडिंग के दौरान एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में प्रसिद्ध उद्योगपति और ऊर्जा मंत्री ओम प्रकाश जिंदल के साथ मृत्यु हो गई थी। बंसीलाल के परिवार की विरासत बहू किरण चौधरी और बेटी श्रुति चौधरी ही आगे बढ़ा रहे हैं।

भाजपा में शामिल होना फायदे का सौदा साबित हुआ

### किरण को ही नहीं, बेटी श्रुति को भी भा गई भाजपा

हरियाणा के पूर्व स्वर्गीय मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू किरण चौधरी और उनकी बेटी मंत्री सासंद श्रुति चौधरी को भी भाजपा में शामिल होना फायदे का सौदा साबित हुआ है। भाजपा के साथ जाने को लेकर दोनों ही उत्साहित हैं। कांग्रेस में लंबे वक्त रहने के बाद भी वे जुबां पर नाम आते ही सबसे पहले बाप बेटे का जिक्र करने से पीछे नहीं हटतीं। कुल मिलाकर अब हरियाणा के तीन लालों के परिवारों से सभी बीजेपी का कमल थाम चुके हैं। स्वर्गीय देवीलाल, भजनलाल, बंसीलाल की पीढ़ियां बीजेपी से जुड़ चुकी हैं। भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, रेणुका बिश्नोई और भव्य बिश्नोई भाजपा में हैं। स्वः देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला भी भाजपा में शामिल ही नहीं बल्कि मंत्री पद पर भी रह चुके हैं। बंसीलाल परिवार ही बचा था तो उनकी बहू किरण चौधरी और पोती श्रुति चौधरी भी बीजेपी में सांसद व मंत्री बन गई हैं। बता दें कि किरण चौधरी कांग्रेस विधायक दल की नेता रह चुकीं हैं।

### दिल्ली से भी चुनाव लड़ चुकी

1993 में किरण ने दिल्ली कैंट विधानसभा से चुनाव लड़ा था, जो कि वह हार गई थीं। फिर 1998 में वहीं से चुनाव लड़ा और जीती। 1998 से 2003 तक वह दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष रहीं। 2003 में भी उन्होंने दिल्ली कैंट से चुनाव लड़ा जिसे वह हार गई थीं। 2004 में वह हरियाणा से कांग्रेस की ओर से राज्यसभा का चुनाव हार गईं। 2005 तोशाम से विधायकी का उपचुनाव वह जीत गईं। 2019 तक वह तोशाम से लगातार विधायकी का चुनाव जीत रही हैं।

### हाईकमान ने कई देशों में भेजा

किरण कहती हैं कि मुझे भाजपा हाईकमान ने पूरा मान सम्मान दिया है, कई देशों कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और अजरबैजान भेजा था। पार्टी ने राज्यसभा में भी संचालन का अवसर दिया है, पहले जो भी मेरा अनुभव रहा है, उसका फायदा पार्टी को मिलना चाहिए। सांसद किरण चौधरी का कहना है कि प्रदेश को बहुत ही अच्छे मुख्यमंत्री भाजपा हाईकमान ने दिए हैं, यहां पर देश और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम होता है।

---

सेल्फी विद डॉटर दिवस आज

## गांव बीबीपुर से शुरू हुई मुहिम बनी ग्लोबल अभियान, दुनिया भर के लोगों ने सेल्फी भेजी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के जींद जिले के गांव बीबीपुर से 9 जून 2015 से शुरू हुआ सेल्फी विद डॉटर अभियान भारत का इकलौता ग्लोबल अभियान है जिसकी स्वीकार्यता विश्व भर में है। इस अभियान से विश्व के हर सेलिब्रिटी या साधारण व्यक्ति में बेटियों के प्रति एहसास पैदा किया है। अभियान की विशेषता का अंदाजा इस बात से लगाया जा



सकता है कि अब तक बॉलीवुड, हॉलीवुड के अभिनेताओं, विश्व के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों समेत 80 देशों से सात लाख 67 हजार सेल्फी ऑनलाइन म्यूजिम में अपलोड हो चुकी है। इस वर्ष में अब तक 70 हजार सेल्फी अपलोड की जा चुकी हैं।

इन दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां दस बार अपने कार्यक्रम मन की बात तथा अमेरिका समेत कई देशों में सार्वजनिक मंच के दौरान इस अभियान की प्रशंसा की है वहीं यह अभियान पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणब मुखर्जी के दिल के बेहद करीब रहा है। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान ने बताया कि नौ जून 2015 को उन्होंने अपनी बेटी नंदिनी के जन्म के अवसर पर सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाली। यहीं से उनके मन में बेटियों के सम्मान में यह अभियान चलाने का विचार आया। आज सेल्फी विद डॉटर अभियान इस दशक में भारत का सबसे चर्चित अभियान बन गया है।

## मनोहर लाल ने कसा तंज- पार्टी चलाना नहीं आता तो हमसे सलाह लें, हम कांग्रेस को खड़ी करवा देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में रविवार को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर 'संकल्प से सिद्धि' कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम करनाल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रखा गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

कार्यक्रम के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस पार्टी और विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि "राहुल गांधी को काम करना नहीं आता, इसलिए वे हमेशा दूसरों की थाली में झांकते हैं। कांग्रेस कांग्रेस के संगठन मजबूत करने के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए खट्टर ने व्यंग्य करते हुए कहा, कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने का अभियान शुरू तो किया है, लेकिन परिणाम कहीं नजर नहीं आ रहे। अगर पार्टी चलाना नहीं आता तो हमसे सलाह ले लें, हम उनकी पार्टी खड़ी करवा देंगे। खट्टर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब तथ्यों के बिना सिर्फ आरोप लगाने वाली पार्टी बनकर रह गई है, जिसे जनता अब गंभीरता से नहीं लेती।इस मौके पर




### सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश

कार्यक्रम में खट्टर ने कहा कि केंद्र सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जल्द ही हरियाणा सरकार के भी 11 वर्ष पूर्ण होंगे। इन वर्षों में देश और समाज की उन्नति को ध्यान में रखते हुए कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने "राष्ट्र प्रथम" के संकल्प के साथ अनेक योजनाएं बनाईं और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी।

### 'घोड़ों' वाली टिप्पणी पर भी पलटवार

राहुल गांधी द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं की तुलना 'घोड़ों की कैटेगरी' से किए जाने पर भी खट्टर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "जिसे घोड़ों की पहचान ही नहीं, वह अब कार्यकर्ताओं को भी लंगड़ा घोड़ा कहने लगा है। अपने ही लोगों को गालियां देकर समाज को क्या प्रेरणा देंगे?" उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, इससे अधिक टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, अरविंद शर्मा विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेन्द्र राणा, विधायक प्रमोद विज, विधायक मनमोहन बढ़ाना, पूर्व सांसद संजय भाटिया, करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, पानीपत जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पानीपत जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, नगर निगम मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, पानीपत की मेयर कोमल सैनी, अमरनाथ सौदा, सुभाष चंद्र मौजूद रहे।

## स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना की समय सीमा 30 सितंबर की : राव नरबीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि



उद्योग विभाग ने निर्णय लिया है कि हरियाणा के जो स्टार्टअप विभिन्न योजनाओं जैसे कि लीज रेंटल सब्सिडी स्कीम, पेटेंट लागत प्रतिपूर्ति स्कीम, शुद्ध राज्य जीएसटी प्रतिपूर्ति स्कीम तथा काउड स्टोरेज स्कीम के लिए प्रतिपूर्ति अपने आवेदन जमा नहीं करा पाए, उनके लिए एक मुश्त छूट देते हुए समय सीमा बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 तक कर दी गई है। राव ने कहा कि युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी क्रियान्वित की है, जिसके तहत स्टार्टअप को अनेक प्रकार के प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। योजना के लाभ उठाने के लिए उद्योग विभाग से संपर्क करें।

## परंपरात खेती छोड़कर नई तकनीक अपनाएं किसान : रणबीर गंगवा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है



कि घटती जोत एवं बदलते मौसम के अनुरूप किसानों को पारंपरिक खेती की जगह अधिक से अधिक नई तकनीकी व वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जरूरत है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती को छोड़कर खेती की नवीनतम तकनीक को अपनाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं। पौधों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री आज भिवानी के गांव मंढाण में ऑर्गेनिक हरियाली नर्सरी के उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

---

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने लोगों को साइबर ठगी से सावधान रहने को कहा

# फर्जी अधिकारी, झूठी गिरफ्तारी और बैंक खाता खाली, समझो! डिजिटल अरेस्ट कुछ होता ही नहीं

- ऐसी कॉल आए तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगने के तरीके भी अत्यधिक परिष्कृत और खतरनाक होते जा रहे हैं। इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस उपायुक्त पंचकूला, सृष्टि गुप्ता ने जिला वासियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश जारी किया। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के साइबर फ्रॉड के प्रति सावधान रहने की चेतावनी दी, जो आजकल आम जनता को भयभीत कर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट एक नई और खतरनाक साइबर ठगी है जिसमें अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी, ईडी , सीबीआई, पुलिस, जज या किसी अन्य एजेंसी का सदस्य बताकर व्यक्ति को फोन करते हैं। वे पीड़ित को डराते हैं कि उसका आधार कार्ड या बैंक खाता किसी आपराधिक गतिविधि में प्रयोग हुआ है, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या ड्रग्स तस्करी। इसके बाद वे वीडियो कॉल के माध्यम से फर्जी वर्दीधारी अधिकारियों को दिखाते हैं और पीड़ित को यह कहकर मानसिक दबाव में लेते हैं कि उसे 'डिजिटल रूप से गिरफ्तार' किया जा रहा है और अब उसकी निगरानी वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। इस दौरान पीड़ित से उसके बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड और मोबाइल तक का रिमोट एक्सेस लेकर भारी ठगी की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में डिजिटल अरेस्ट नामक कोई वैध प्रक्रिया नहीं है और यदि किसी को ऐसा कोई कॉल प्राप्त होता है, तो वह तुरंत कॉल काटकर नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर इसकी सूचना दे।

### डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड नागरिकों में सिर्फ भय फैलाने का माध्यम



पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पंचकूला पुलिस की साइबर सेल व साइबर थाना इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है और समय-समय पर साइबर जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन , वरिष्ठ नागरिक संघों और निजी कंपनियों के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा विषयक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, ताकि आम नागरिकों को व्यावहारिक जानकारी दी जा सके और वे सतर्क रह सकें। अंत में, उन्होंने कहा कि सजगता ही सबसे प्रभावी साइबर हथियार है। "डिजिटल अरेस्ट" जैसे फ्रॉड नागरिकों में भय और भ्रम फैलाने का माध्यम हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि कोई भी सरकारी एजेंसी बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के इस प्रकार की कार्रवाई नहीं करती। यदि नागरिक सतर्क और जागरूक रहें, तो वे इन अपराधों से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

स्कैम से बचें

### ओटीपी, पासवर्ड किसी को न दें

पुलिस उपायुक्त गुप्ता ने यह भी कहा कि आम नागरिकों को कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड, बैंक डिटेल्स, या आधार संख्या किसी भी अनजान व्यक्ति या संदिग्ध कॉल पर साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि श्डिजिटल अरेस्ट के अलावा साइबर ठग फर्जी केवाईसी अपडेट, ओटीपी स्कैम, नकली जॉब ऑफर्स, सोशल मीडिया हैकिंग और क्यूआर कोड स्कैम जैसी अनेक तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, संदिग्ध मोबाइल ऐप डाउनलोड करना या किसी अज्ञात व्यक्ति को फोन या डिवाइस का रिमोट एक्सेस देना खतरनाक साबित हो सकता है।

## घग्गर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइन हटाने से परेशानी, दोबारा विचार करे सरकार : कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

सिरसा की सांसद सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक पत्र लिखकर सिरसा संसदीय क्षेत्र के रानियां क्षेत्र में घग्गर नदी से निकलने वाली नहरों की पाइपलाइन हटाने से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं पर तत्काल ध्यान देने की मांग की है। सांसद ने मानसून से पहले आवश्यक तटबंधों की मरम्मत का कार्य तुरंत शुरू करवाया जाए।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सांसद सैलजा ने कहा है कि सिरसा जिला खासकर रानियां क्षेत्र में जल विवाद छिड़ गया है, क्योंकि प्रशासन घग्गर नदी के वर्षा जल को वितरित करने के लिए बनाए गए मौसमी खरीफ चैनलों में अवैध पाइपलाइनों और जल कनेक्शनों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए है। सहदेवा, मम्मार और रत्ताखेड़ा इन चैनलों का निर्माण किसानों, खासकर अंतिम छोर के गांवों के किसानों को सिंचाई प्रदान करने के लिए किया गया था।

### हो सकता है नुकसान



सांसद सैलजा ने कहा है कि मानसून निकट होने के बावजूद तटबंधों की मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं किया गया है, जिससे बाढ़ की स्थिति में किसानों की फसलें और संपत्ति को भारी नुकसान हो सकता है।

हालांकि, पिछले दो हफ्तों से अधिकारी अनधिकृत पाइपलाइनों, मोटरों और सौर कनेक्शनों को हटा रहे हैं, उनका दावा है कि वे चैनलों के अंत तक पानी पहुंचने से रोक रहे हैं। यह समस्या तब शुरू हुई जब टेल-एंड गांवों के किसानों ने शिकायत की कि उन्हें ऊपरी इलाकों के गांवों में किसानों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए ढांचों के कारण बारिश का पानी नहीं मिल रहा है। जवाब में, सिंचाई विभाग ने अर्थमूविंग मशीनों का उपयोग करके पाइपलाइनों को हटाना शुरू कर दिया।

# मैंगो शेक में नींद की गोलियां डालकर बेटा-बेटी को पिलाया, फिर तार से घोंट दिया दोनों का गला

## ■ खुद भी सल्फास खाया, अस्पताल में उपचाराधीन ■ आठ मई को पत्नी ने भी जहर खाकर की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चों को शवों को ले जाते परिजन


भिवानी। अस्पताल में उपचाराधीन संदिग्ध आरोपी।

भिवानी जिले के धनाना गांव में रोंगटे खड़े कर देना वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक पिता ने ही अपने दो नाबालिग बेटा व बेटी की हत्या कर दी। आरोपी सुभाष ने पहले अपने दोनों बच्चो को नशे की दवाई दी और फिर तार से दोनों का गला घोंट दिया। इसके बाद खुद भी उसने सल्फास की गोली खाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन घर में भतीजे के आने के बाद उसने परिजनों को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। सुभाष की हालत भी नाजुक है।

■ बेटे की उम्र 17 व बेटी की 15 साल थी

■ बच्चों की दादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

धनाना के काल्याण पाना निवासी करीब 40 वर्षीय सुभाष ने अपने नाबालिग बेटे 17 वर्षीय बसंत व 16 वर्षीय बेटी आरूषि की हत्या कर दी। आरोपी सुभाष के अनुसार उसकी पत्नी की मौत एक माह पहले आठ मई को हुई थी, जिसके लिए उसने अपनी मां को जिम्मेदार बताया है। उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी के वियोग में ऐसा कदम उठाया है। सुभाष ने बताया कि उसने ही अपने दोनों बच्चो को मारा है और खुद भी सल्फास खाई है। आरोपी सुभाष ने आम के शेक में जहरीला पदार्थ पिलाया और फिर तार से दोनों का गला घोंट कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद सुभाष ने खुद भी जहर खाया और फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने वाला था, तभी उसका भतीजा घर आ गया। उसने आनन फानन में आस पड़ोस में बताया, फिर पुलिस आई और सुभाष को संदिग्ध हालत में भिवानी नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपी सुभाष ने बताया कि वो अपनी जिंदगी आराम से जी रहा था, पर उसकी मां व पत्नी का अक्सर झगड़ा होता था, जिसके चलते पिछले माह आठ मई को उसकी पत्नी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी पत्नी की मौत हो गई।

### घर पहुंचे भतीजे ने पुलिस को दी सूचना

इससे तंग आकर आरोपी ने पहले अपने दोनों बच्चों को मौत के घाट उतारा और फिर अपने हिसाब किताब की वीडियो बना रहा था, तभी उसका भतीजा घर आ गया और फिर पुलिस। सुभाष का कहना है कि मैं मर गया तो भाग्यशाली होगा और जी गया तो मेरे से गंदा आदमी नहीं। फिलहाल सदर थाना पुलिस आरोपी सुभाष का उपचार करवा रही है। सदर थाना एसएचओ नरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी सुभाष ने अपने दोनों बच्चों की हत्या की है, वो खुद भी संदिग्ध हालत में है, जिसका उपचार चल रहा है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मृतक बच्चों की दादी की शिकायत पर सुभाष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूजा ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन में रचा इतिहास, भारत को दिलाया सोना


भूना। स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा फहराते हुए पूजा ओला।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

भारत की उभरती एथलीट पूजा ओला ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के पहले दिन 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उन्होंने यह दौड़ 4 मिनट 11.63 सेकंड में पूरी की। यह समय प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ रहा। इस जीत के साथ पूजा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। ताइवान ओपन में भारत को स्वर्ण मिला। कोरिया को रजत और हांगकांग को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पूजा इससे पहले पिछले सप्ताह साउथ कोरिया में 1500 मीटर में रजत और 800 मीटर में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। हरियाणा के भूना ब्लॉक के गांव बैजलपुर की रहने वाली पूजा ओला ने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि भारत की नई पीढ़ी की महिला एथलीट भी वैश्विक मंच पर दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी गति, धैर्य और तकनीकी क्षमता ने उन्हें बाकी खिलाडियों से आगे रखा। खेल विशेषज्ञ और हॉकी कोच रण सिंह ने कहा कि पूजा का समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहद प्रभावशाली है। यह भविष्य में ओलंपिक जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए उम्मीदें बढ़ाता है। गांव बैजलपुर के सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया, विजेंद्र सिहाग, डॉ. हनुमान सिंह, डॉ. अमित कुमार, मास्टर जसवंत सिंह, आशीष कुमार, ईश्वर सिंह, मुकेश शर्मा, सतपाल जांगड़ा, मास्टर सुभाष चंद्र ने खिलाड़ी को जमकर सराहा।

### खबर संक्षेप

#### नशीली दवा व इंजेक्शन सहित पकड़ा, जेल भेजा



बहादुरगढ़। एंटी-नारकोटिक सेल की एक टीम ने प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी योमेश कुमार ने बताया कि एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन के निकट खड़े विनोद को काबू किया। नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी के समक्ष तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 30 नशीली गोलियां और 4 नशीली शीशी बरामद हुई। ड्रग्स इंस्पेक्टर व सरकारी चिकित्सक से राय लेने उपरांत उसके विरुद्ध मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत थाना लाइनपार में केस दर्ज किया गया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

#### सट्टा खेलते पांच गिरफ्तार, केस दर्ज

बहादुरगढ़। पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए 5 आरोपियों को काबू किया है। सीआईए वन बहादुरगढ़ प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि टीम ने मोहन नगर में छापा मारा। वहां एक किराए के मकान में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते और 34 हजार 500 रुपए नगद बरामद किए। साथ ही आरोपी जतिन, प्रवीण, मंजीत व अन्य को गिरफ्तार किया है।

## इंस्टाग्राम पर जान से मारने की धमकी, फिर घर के बाहर फायरिंग

■ पुलिस अधिकारी बोले, प्राथमिक जांच में गोली चलने नहीं पाया गया

नारनौल। शहरी क्षेत्र गांव पटीकरा में इंस्टाग्राम पर फोन करके एक युवक को जान से मारने की धमकी देने और बाद में फोन नहीं उठाने पर घर आकर मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस बारे में पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी है। वहीं पीड़ित ने हवा में गोली चलाने का आरोप भी लगाया है। सिटी पुलिस ने आरोपित रजत व एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 190,191(3),287,351(3) के तहत केस दर्ज किया है पुलिस को दी गई शिकायत में गांव पटीकरा के संदीप कुमार ने बताया कि रात को करीब दस बजे उसके इंस्टाग्राम पर रजत का फोन आया। फोन करके उसने कहा कि घर से बाहर निकलेगा या घर के अंदर आकर ही मार दें। इस पर उसने फोन काट दिया। उसके बाद उसकी कई बार कॉल आई, मगर उसने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद वह अपने घर के बाहर जाकर बैठ गया। थोड़ी देर में रजत दस से 12 लड़कों के साथ उसके घर की तरफ आया। इस पर उसने अंदर से घरवालों को बुला लिया। इस पर घर वाले बाहर आ गए। घर वालों को बाहर आता देख वे हवा में गोली चलाते हुए वहां से भाग गए। भागते-भागते उन्होंने उसको जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं पुलिस के अनुसार मौके पर किसी तरह की सीसीटीवी फुटेज या गोली चलने जैसा कुछ मिला नहीं। पुलिस की प्राथमिक जांच में गोली चलना नहीं पाया गया।

## सोशल मीडिया पर हथियारों सहित फोटो डालना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों सहित फोटो डालने वालों पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रहलाद भादू पुत्र ओमप्रकाश निवासी जांडवाला बागड़ के रूप में हुई है। प्रहलाद ने वर्ष 2023 में सोशल मीडिया पर हथियारों सहित फोटो पोस्ट की थी। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि पुलिस टीम एएसआई सत्यवान के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान गांव जांडवाला बागड़ के बस अड्डे के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि प्रहलाद भादू पुत्र ओमप्रकाश निवासी जांडवाला बागड़ ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर अवैध रूप से हथियारों की फोटो डाली हुई है। पुलिस ने जब प्रहलाद सिंह की बताई गई आईडी को चैक किया तो पाया कि प्रहलाद ने सोशल मीडिया का दुरूपयोग करते हुए हथियारों के साथ प्रदर्शन करके गुंडागर्दी और लोगों में डर का माहौल पैदा करने के लिए हथियारों सहित फोटो डाली हुई थी। उसने हथियारों के साथ फोटो खींचकर वर्ष 2023 में सोशल मीडिया पर यह फोटो पोस्ट की थी।


फतेहाबाद। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

## गुरुग्राम : साल की मासूम को कपड़े में लपेटकर सड़क किनारे झाड़ियों में फेंका

■ बच्ची की रोने की आवाज सुनकर लोगों से बचाया

गुरुग्राम। सेक्टर 10 थाना एरिया में कलयुगी मां-बाप ने अपनी एक साल की बेटी को कपड़े में लपेटकर किलाचंद नगर से हयातपुर के बीच गढ़ी गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। गत शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर गांव के लोगों ने उसको झाड़ियों से बरामद कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने बच्ची को इलाज के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। एक महिला की शिकायत पर सेक्टर-10 थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करके बच्ची को यहां फेकने वालों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक बच्ची को फेंकने वालों या उसके परिजनों के बारे में सुराग नहीं मिला है। जिले के गढ़ी गांव निवासी बिंदो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जोतराम चौक के पास उसकी जनरल स्टोर की दुकान है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे एक व्यक्ति ने उसे सूचना दी कि गांव के पास ही झाड़ियों से किसी बच्चे की रोने की आवाज आ रही है। जब बिंदो देवी ने वहां जाकर देखा तो झाड़ियों में एक साल की बच्ची मिली। शरीर पर कपड़ों के साथ वह गमछे में अच्छी तरह से लिपटी हुई थी।

### पुलिस ने मासूम को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया

पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया और बच्ची को सौंप दिया। जांच अधिकारी शिव शंकर ने बताया कि बच्ची को इलाज के बाद चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सौंपा जाएगा। बच्ची के माता-पिता की तलाश की जा रही है। माता-पिता व परिवार वालों से पूछताछ करने के बाद ही बच्ची के यहां फेंकने के कारण का पता चल सकेगा।

## कार ने ऑटो को टक्कर मारी, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम




सुशांतलोक थाना क्षेत्र में रांग साइड से आई कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक के पैर में चोटें आईं हैं और ऑटो से बैठी सवारियां भी सड़क पर गिर गईं। ऑटो चालक के दोस्त की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।दरबारीपुर रोड, बादशाहपुर निवासी सोनू तिवारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते शनिवार की सुबह करीब पांच बजे वह अपना ऑटो लेकर मिलेनियम सिटी सेंटर सेक्टर-29 के सामने से रेड लाइट 27/42 चौक की ओर जा रहा था। उसके आगे ही दूसरा ऑटो चल रहा था। सेक्टर-43 के पास गलत दिशा में आ रही एक कार ने आगे चल रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो में पीछे बैठी सवारी रोड पर आकर गिर गई। वहीं, चालक का पैर भी ऑटो में फंस गया। जब सोनू तिवारी ने पास जाकर देखा तो ऑटो चालक उसका दोस्त आदित्य था। घायलों को इलाज के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायल सवारी को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जांच अधिकारी रुपेश ने बताया कि कार चालक की पहचान इंद्रेश गुलाटी के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एमडीएमए की खेप के साथ तीन तस्कर काबू



गुरुग्राम पुलिस ने सूचना के आधार पर डीएलएफ फेस-1 व सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर एमडीएमए व गांजा सप्लाई करने दिल्ली से आए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएलएफ फेस-1 थाना के एएसआई कपिल ने दर्ज शिकायत में बताया कि वह खुशबू चौक गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर था। तभी उसे सूचना मिली कि कासिम व फैइम नाम दिल्ली के रहने वाले हैं और गुरुग्राम में नशा की सप्लाई करने आ रहे हैं। इसके बाद एक सीएनजी ऑटो में आए दो युवकों को काबू किया तो पूछताछ में कासिम व फैईम को ऑटो भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीईटीसी प्रतीक ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। दोनों आरोपियों के कब्जे से 13.06 ग्राम एमडीएम बरामद हुआ। पुलिस ने 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया और दोनों को पुलिस को सौंप दिया। वहीं सेक्टर-29 थाना पुलिस को सूचना मिली कि सुशांत लोक एरिया में एक व्यक्ति घर बैठकर गांजा सप्लाई करता है। जिसके साथ जिसके साथ एक विदेशी महिला भी रहती है। जो फिलहाल अवैध नशीला पदार्थ के साथ मकान नंबर 304 बी-724 सुशान्त लोक गुरुग्राम में है। इसके बाद मकान नंबर 304 बी-724 सुशान्त लोक गुरुग्राम के तलाशी वारंट लेकर डीसीपी क्राइम के निर्देश पर कार्रवाई की गई। जब पुलिस टीम घर पहुंची तो एक व्यक्ति सोफा पर बैठा हुआ दिखाई दिया। जिसने अपने हाथ में लिए हुए एक पॉलीथीन को छुपना की कोशिश की। तलााशी लेने पर नशीला पदार्थ मिला।

## बिजली निगमों को साइबर अटैक से सुरक्षित बनाया जाएगा : अनिल विज

■ पाक हैकर्स ने किया था अटैक, आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री के सामने सूबे के हरियाणा बिजली मंत्री अनिल विज ने साइबर हमलों को रोकने के लिए ठोस नीति बनाने का मुद्दा उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने गंभीर मामला बताते हुए इस दिशा में जल्द कठोर कदम उठाने के संकेत दिए और आने वाले समय के लिए कदम उठाए जाने की बात कही थी। हालांकि बिजली की सप्लाई इस तरह के साइबर अटैक के दौरान बाधित नहीं हुई। बताया जा रहा है कि उपभोक्ताओं से जुड़ी कुछ वेबसाइटों पर जरूर अटैक किए गए थे। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह ने इस दौरान चर्चा की थी और 14 मई को पाकिस्तानी हैकर्स ने बिजली वितरण निगमों वेबसाइट को डिस्टर्ब करने की कोशिश की थी।साइट्स पर लगातार हमले किए लेकिन बिजली आपूर्ति अथवा संचालन आदि को लेकर कोई भी विपरीत प्रभाव नहीं हुआ। इस सम्मेलन के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने साइबर हमले रोकने के लिए ठोस नीति बनाने के संकेत दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि बिजली संकट और लंबे लंबे कटों की बातें सोशल मीडिया में उड़ाई जा रही है जबकि इस तरह ही क कोई बात नहीं रही।

# रिश्ते में भाभी से की थी लव मैरिज, युवकों ने घर में घुसकर चलाई गोलियां, महिला सहित दो घायल

## ■ पुलिस ने नाकाबंदी कर तीनों हमलावरों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

■ पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोल बरामद किए

गांव भिरडाना में लव मैरिज को लेकर हुए विवाद में शनिवार देर रात को कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर फायरिंग कर दी। गांव में गोली चलने की आवाज सुनकर हडक़ंप मच गया। फायरिंग में एक महिला और उसका भांजा दोनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांव के संजय नामक युवक करीब डेढ़ महीने पहले एक शादीशुदा महिला को घर से भगा ले गया था और दोनों ने शादी कर ली थी। हमले में घायल महिला संजय की मां है। फायरिंग की सूचना मिलते ही फतेहाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जिलेभर में नाकाबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही समय में कुलां क्षेत्र से फायरिंग के आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने काबू कर लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान साहिल पुत्र भगवान निवासी मुआना, जिला जींद, गुरमीत पुत्र भालूराम निवासी रैहड़ा, जिला कैथल तथा रमन पुत्र राजेन्द्र निवासी सुभाष नगर, जिला कैथल के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है और घटना स्थल से 3 खोल भी बरामद किए है। बता दें कि गांव भिरडाना निवासी संजय डेढ़ महीने पहले शादीशुदा महिला को घर से भगा ले गया था और दोनों ने शादी कर ली थी। संजय और उसकी बुआ का लडक़ा संदीप दोनों ट्रक चलाते हैं। इस कारण संजय का संदीप के घर आना-जाना था। इसी दौरान संजय और संदीप की पत्नी के बीच प्रेम हो गया और दोनों ने घर से भागकर शादी कर ली। इसके बाद से संदीप संजय से दुश्मनी रखे हुए थे। इस मामले में संदीप के परिवार ने संजय से संदीप को पत्नी को वापस भेजने को कहा लेकिन संजय नहीं माना। इस मामले को लेकर शनिवार को गांव में पंचायत भी हुई थी, मगर पंचायत में संजय और उसके परिवार से कोई सदस्य नहीं पहुंचा था। बताया जाता है कि शनिवार रात करीब 9 बजे तीन युवक संजय को मारने की नीयत से उसके घर में घुसे और फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में संजय की मां कलावती और भांजा राकेश घायल हो गए। कलावती के पेट व हाथ पर गोली लगी है जबकि उनके दोहते राकेश के गर्दन के पास गोली लगी है। फायरिंग के आरोप में पकड़ा गया एक आरोपी लव मैरिज करने वाली महिला का मौसी का बेटा है। जो लव मैरिज से नाराज था और उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर फायरिंग की। आरोपी एक दिन पहले ही भिरडाना आ गए थे। इसके अगले दिन यानी शनिवार को वारदात को अंजाम दिया।


फतेहाबाद। पुलिस की गिरफ्त में आरापी युवक।

### बाइक पर फरार हुए, रास्ते में हथियारों को फेंका

इस मामले में रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी जगदीश कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:10 बजे गांव भिरड़ाना में प्रेम-प्रसंग से जुड़े पुराने विवाद के चलते कलावती पत्नी ओमप्रकाश एवं उनके दोहते राकेश कुमार पर तीन युवकों द्वारा फायरिंग की गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी साहिल, रमन और गुरमीत मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जिलेभर की पुलिस टीमें अलर्ट हो गईं। डीएसपी के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश शुरू की गई। आरोपियों ने अलग-अलग रास्तों से भागने की कोशिश की, परंतु कुलां चौकी प्रभारी एएसआई दलबीर सिंह की टीम तथा थाना शहर टोहाना के पीएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने तीनों को पकड़ लिया। डीएसपी ने बताया कि आरोपी भागते समय अपने हथियार रास्ते में फेंक गए, जिन्हें पुलिस द्वारा अभी बरामद किया जाना है। कुलां पुलिस चौकी इंचार्ज ने तीनों को डिटेन किया और रविवार सुबह थाना सदर फतेहाबाद ने औपचारिक गिरफ्तारी की। कलावती के बयान के आधार पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

# पूर्व विधायक के बेटे के 61 लाख हड़पे, बैंक कर्मचारियों पर आरोप

## भूमि नीलामी का झांसा दिया, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सफीदों के पूर्व विधायक के बेटे को जमीन नीलामी के झांसा देकर बैंक अधिकारियों द्वारा 61 लाख 75 हजार रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर अलेवा थाना पुलिस ने इंडियन बैंक के चीफ मैनेजर समेत कुछ अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सफीदो के पूर्व विधायक रामफल कुंडू के बेटे गगन कुंडू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इंडियन बैंक चंडीगढ़ के चीफ मैनेजर संदीप राठी ने गांव बधाना लेयर फार्म की बिक्री नीलामी का विज्ञापन का प्रकाशन करवाया था। जिस जमीन बोली की जानी थी वह 70 कनाल 19 मरला थी। जिसके लिए छह नवंबर 2024 जारी नोटिस के अनुसार 27 नवंबर 2024 ऑनलाइन निलामी की जानी थी। नोटिस में लिखा गया था कि बोली होने वाली जमीन का भौतिक कब्जा और नियंत्रण बैंक का है। इसी आश्वासन पर उसने बोली में भाग लेने का फैसला लिया। बैंक अधिकारियों के आश्वासन पर नीलामी से पहले 24 लाख 70 हजार रुपये उसने बैंक के चीफ मैनेजर संदीप राठी के खाते में डलवा दिए। जब ऑनलाइन बोली हुई तो उसने दो करोड़ 47 लाख रुपये की सबसे बड़ी लगाई। 27 नवंबर 2024 को बैंक ने उसके पास बोली का 25 प्रतिशत राशि का भुगतान करने के लिए कहा। जिस पर उसने 37 लाख पांच हजार रुपये जमा करवा दिए। वह कुल 61 लाख 75 हजार रुपये जमीन को लेकर बैंक में जमा करवा चुका था।

**बैंक ने राशि लौटाने से मना किया** :जब उसने जमीन की जांच की तो सामने आया कि बैंक के पास जमीन का कोई भौतिक कब्जा और नियंत्रण नही है। संपत्ति की बोली से एक महीने पहले अतिक्रमण का मामला दर्ज करवाया गया था। बैंक ने जानबूझ कर उसे गुमराह किया। बैंक उस पर कब्जा नही दिला सकता। उस जमीन पर दूसरे व्यक्ति का भौतिक कब्जा है। जमीन पर पहले से मुकद्मेबाजी है। जब उसने बैंक से राशि वापस मांगी तो राशि को लौटाने से मना कर दिया। गगन कुंडू ने आरोप लगाया कि बैंक के चीफ मैनेजर संदीप राठी, एजीएम, डीजीएम ने उसके साथ धोखाधड़ी कर राशि को हडपा है। अलेवा थाना पुलिस ने इंडियन बैंक के चीफ मैनेजर संदीप राठी समेत अन्य बैंक अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी जयबीर सिंह ने बताया मामले की जांच चल रही है।

**खबर संक्षेप**

### इंफोसिस ने गिफ्ट सिटी में खोला नया विकास केंद्र

**नई दिल्ली।** इंफोसिस ने गांधीनगर के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक नया विकास केंद्र खोला है। वित्तीय सेवाओं और बीमा ग्राहकों के लिए समाधान विकसित करेगा। इस केंद्र का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने किया, और इसमें 1,000 से अधिक कर्मचारियों को समायोजित करने की क्षमता है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि यह एक प्रमुख प्रौद्योगिकी आधारित वित्तीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

### हुंडई, मारुति सुजुकी को मजबूत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच निर्यात में अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। मात्रा के लिहाज से अपने निर्यात में एकल अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रही है। दूसरी ओर मारुति सुजुकी अपने निर्यात में मात्रा के लिहाज से लगभग 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

### चीन 19 जून से कुनमिंग में दक्षिण एशिया प्रदर्शनी आयोजित करेगा

**बीजिंग (भाषा)।** चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग में इस साल 19 से 24 जून तक चीन-दक्षिण एशिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की सबसे बड़ी उपस्थिति होगी। प्रदर्शनी में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित 11 हॉल होंगे। प्रदर्शनी का यह 9वां संस्करण है, जिसमें भारत और दक्षिण एशियाई देशों के साथ ही दुनिया भर के व्यापारी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 54 देशों और क्षेत्रों के लगभग 1,400 उद्यमों ने भागीदारी की पुष्टि की है। युन्नान प्रांतीय वाणिज्य विभाग के निदेशक ली चाओवेई ने कहा कि लगभग 1,000 पेशेवर खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार, पासवर्ड से अब नहीं चलेगा काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


गूगल ने जीमेल अकाउंट की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। कंपनी का कहना है कि पुराने पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अब सुरक्षित नहीं हैं। इनकी जगह पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो अधिक सुरक्षित हैं। गूगल के अनुसार पासवर्ड याद रखने में मुश्किल होते हैं और फिशिंग का शिकार हो सकते हैं। क्या आप अभी भी अपने जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड या टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन जैसे पुराने सिक्योरिटी मेथड्स पर डिपेंड हैं? तो सावधान हो जाइए।

■ पासकीज या सोशल साइन-इन जैसे नए विकल्पों का इस्तेमाल करें जो सुरक्षित हैं

## जीमेल अकाउंट के लिए पुराने पासवर्ड, तो सावधान हो जाइए

### क्या है ये पासकीस?

जो लोग पासकी के बारे में नहीं जानते, उन्हें बता दें कि यह एक नया लॉगिन सिस्टम है जिसमें पासवर्ड की जगह फिंगरप्रिंट, फेस आईडी या पैटर्न लॉक जैसे बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल किया जाता है। यह तरीका आपको फिशिंग अटैक से बचा सकता है क्योंकि इसमें यूजर को उसी प्रोसेस से गुजरना पड़ता है जिससे वह स्मार्टफोन को अनलॉक करते हैं।






### गूगल ने दी ये सलाह

दरअसल टेक दिग्गज का कहना है कि पासवर्ड अब सेफ नहीं हैं। गूगल का साफ कहना है कि पासवर्ड को मेन्टेन करना मुश्किल है, पासवर्ड न सिर्फ याद रखने में मुश्किल होते हैं, बल्कि आसानी से फिशिंग का शिकार भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यह डेटा लीक के टाइम भी सामने आ जाते हैं। ऐसे में अब गूगल **Passkeys** जैसे नए ऑप्शन पर स्विच होने की सलाह दे रहा है।

### पासकीस से करें लॉगइन

टेक दिग्गज का कहना है कि इसकी जगह आप पासकीस या सोशल साइन-इन जैसे नए ऑप्शंस का इस्तेमाल करें, जो ज्यादा सेफ हैं। फोर्ब की एक रिपोर्ट में भी यह खुलासा हुआ है कि 61 फीसदी ईमेल यूजर साइबर अटैक का शिकार हुए हैं और माना जा रहा है कि इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड साइबर क्राइम की बड़ी भूमिका रही है। चलिए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

### बुजुर्गों को बदलाव में दिक्कत

गूगल की एक रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि युवा पीढ़ी तेजी से पासकी पर स्विच कर रही है और सोशल मीडिया साइन-इन जैसे सुरक्षित ऑप्शंस को अपना रही है, जबकि बुजुर्ग यूजर्स अभी भी पुरानी पासवर्ड सिस्टम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जो उनके लिए अधिक जोखिम पैदा कर सकता है।

## अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर व्यापार वार्ता

# अमेरिका से ट्रेड वार्ता में किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारतः कृषि मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने साक्षात्कार में कहा, हमारी प्राथमिकता अपने किसानों के हितों की रक्षा करना है। भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। हम अपने लाभ और हानि का आकलन करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री चौहान एक सवाल का जवाब दे रहे थे कि अमेरिकी कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव के बीच भारत किसानों की सुरक्षा कैसे करेगा। वार्ताकार द्विपक्षीय सौदे के पहले चरण की व्यापक रूपरेखा के लिए खाके पर सहमत हो सकते हैं, जिस पर 2025 की शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है।



### इन उत्पादों का निर्यात

*अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।*

### 0 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात

नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

### बेहतर बाजार पहुंच की मांग

मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

## चौथी अर्थव्यवस्था आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं, जीडीपी में बहुत पीछे : डब्ल्यूईएफ पूर्व एमडी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है। अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा, "यह (अर्थव्यवस्था का आकार) एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन में देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है।" उन्होंने कहा, "नहीं, यह एक अच्छा संकेतक नहीं है क्योंकि जो मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत



नीचे है। इसलिए, भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में एक चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं... यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है।" इसके विपरीत, स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत को नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए, तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी दौड़ में एक निर्णायक चौराहे पर खड़ा है, जिसके पास बड़े डेटा में 'अद्वितीय श्रेष्ठता' है। यह एक ऐसी परिसंपत्ति है जिसे देश को संरक्षित करना चाहिए और वैश्विक प्रौद्योगिकी और नवाचार के शीर्ष स्तर पर इसे आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से इसका लाभ उठाना चाहिए।

## रिलायंस की कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर विमान उन्नयन पर लगाएगी 5,000 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। शुरू में 37 विमानों के लिए अनुबंध दिया गया था, रिलायंस ने पहले के अनुबंध के सफल निष्पादन के बाद अतिरिक्त 18 इकाइयों के लिए दोबारा ऑर्डर हासिल किया। सूत्रों ने बताया कि डोर्नियर अपग्रेड अनुबंध का कुल मूल्य 350 करोड़ रुपये था।


■ ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही है

## टाटा स्टील की ईएएफ परियोजना का निर्माण शुरू करने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू कंपनी टाटा स्टील को उम्मीद है कि वह जुलाई 2025 से ब्रिटेन में अपनी कम कार्बन ईएएफ-आधारित इस्पात बनाने वाली परियोजना का निर्माण शुरू कर देगी और 2027 तक परिचालन शुरू कर देगी।

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने यह कहा है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन और कार्यकारी निदेशक (ईडी) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) कौशिक चटर्जी ने कंपनी की वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि कंपनी को पोर्ट टैलबोट में अपनी 1.5 अरब डॉलर की परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। प्रबंधन ने कहा, अब हम वित्त वर्ष 2027-28 तक कार्बन उत्सर्जन रहित और अत्याधुनिक ईएएफ-आधारित इस्पात विनिर्माण की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे ब्रिटेन सरकार के 50 करोड़ पाउंड के वित्तपोषण से समर्थन मिलेगा उन्होंने कहा कि पोर्ट टैलबोट में ईएएफ (इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस) परियोजना के लिए योजना अनुमोदन प्राप्त हो गया है और निर्माण जुलाई 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन में परिचालन बंद कर दिया गया है और कंपनी अपने भारत और नीदरलैंड परिचालन से अपने ग्राहकों को सेवा दे रही है।




## वाहन उद्योग ने की दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात में तेजी की मांग

**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग ने यात्री कारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होने वाले दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के आयात के लिए चीन की सरकार से मंजूरी में तेजी लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। उद्योग के सूत्रों के अनुसार, विभिन्न घरेलू आपूर्तिकर्ताओं ने पहले ही चीन में अपने स्थानीय विक्रेताओं के माध्यम से चीनी सरकार से मंजूरी मांगी है। सूत्रों ने कहा कि अभी तक कोई मंजूरी नहीं दी गई है। दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों के वैश्विक प्रसंस्करण क्षमता के 90 प्रतिशत से अधिक पर चीन का नियंत्रण है। इनका इस्तेमाल वाहन, घरेलू उपकरणों और स्वच्छ ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में किया जाता है।



*निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर हुआ बंद*

# मुद्रास्फीति, एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई। इसके अलावा, मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, व्यापार वार्ता और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव से निवेशकों की भावना प्रभावित होगी।



### बाजार मूल्यांकन में एक लाख करोड़ रुपए का उछाल

*शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों में नौ के बाजार मूल्यांकन में पिछले सप्ताह कुल 1,00,850.96 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक ने सबसे ज्यादा बढ़त हासिल की। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स सूचकांक 737.98 अंक या 0.90 फीसदी चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ही पिछड़ी रही।*


शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.95 अंक या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,188.99 पर बंद हुआ था। एनएसई निफ्टी 252.15 अंक या 1.02 प्रतिशत चढ़कर 25,003.05 पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि भारतीय बाजारों में धीरे-धीरे तेजी आएगी, जिसे आरबीआई द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज दरों में कटौती और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद से समर्थन मिलेगा।

**नगर निगम रोहतक, सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई०डी० नं०. 1H1OE7W9 पुरानी प्रोपर्टी आई.डी. नं. 224C2116U34 वार्ड नं0/पता Janta Colony 4-B पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में NA व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में NA नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. न. में प्रार्थी जिनके नाम सुरेश कुमार, नरेश कुमार, रमेश कुमार, कमला शर्मा, प्रेमलता, रानी देवी, द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिनके अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उनके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

MCR/ZTO/2025/1590 हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान
Date 02/06/25 अधिकारी, नगर निगम रोहतक

## शब्द पहेली - 5892



**बाएँ से दाए**


1. उम्मीद, आशा-2
3. जी, चित्त-2
5. भस्म, खाक-2
7. जाल, फंदा-2
9. चिंतन, सोचना-3
11. ठाठ-बाट-2
13. क्रिकेट में बनते हैं-2
15. एक राशि-3
17. काया, बदन-2
19. एक विदेशी शराब-2
22. बोलने का तरीका-3
24. शालीन, सभ्य-2
26. बल, ताकत-2
28. भैंस जैसा एक पशु-2
30. पुत्री की पुत्री-3
32. कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34. मोटा आटा-2
36. जुड़वा-3
38. आनंदित-2
41. नौकर, गुलाम-2
43. बूंद-3
45. लक्ष्मी, विष्णुप्रिया -2
47. जंगल, कानन-2
49. मेहंदी -2
51. दृष्टि, निगाह-3
53. बुरी आदत -2
55. बुढ़ापा -2
57. नमस्कार, प्रणाम -3
60. खुमार, सरूर -2
62. भीगा हुआ -2
64. पक्षाघात-3
66. चुनौती-2
67. ऋण, उधार -2
68. भूमि, जमीन-2
69. चस्का, बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**

1. फलों का राजा-2
2. साजन, बलमा-3
4. खुमार-2
6. खच्चर, गधा-2
8. वहम, संदेह-2
10. अनुकृति-3
12. झुका हुआ-2
14. आदमी-2
16. वास करना-3
18. आकाश-2
20. घमंड-2
21. बदन-2
23. जातिवाद-3
25. पिघले पत्थर-2
27. रोग, -2
29. हाथ, टैक्स-2
31. लवण-3
33. ताकत-2
35. वचन-2
37. प्रयत्न-3
39. स्थिति -2
40. नवीन-2
42. सच्चा-2
44. राजा-3
46. हार-2
48. टौंटी-2
50. गुमान-2
52. पासों का खेल-3
54. काया-2
56. रात्रि-2
58. हुबहू-3
59. समय-2
61. सब्जी-2
63. गाड़ी-2
65. गैस-2

### शब्द पहेली- 5891 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | र | ग | ना | | आ | म | रा | य | |
| फि | | न | ज | ला | | फि | क | र | | त |
| त | ल | | ल | य | | स | र | | ला | ल |
| र | ह | ना | | क | हा | र | | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | | ति | | ज | ल | च | र |
| | | | र | ह | म | दि | ल | | | |
| ब | ग | दा | द | | ता | | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | | स | ई | स | | प | ह | रा |
| ग | ला | | स | दा | | ल | स | | त | य |
| द | | ग | ली | चा | | वा | न | र | | ण |
| | का | श्त | का | र | | र | म | जा | न | |



## खबर संक्षेप

### थलसेना अध्यक्ष द्विवेदी ने बाबा के दर्शन किए



**रुद्रप्रयाग।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### मोदी पर एससीबीए पूर्व अध्यक्ष ने लिखी पुस्तक

**नई दिल्ली (भाषा)।** वरिष्ठ अधिवक्ता और 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन'(एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष आदिश सी अग्रवाल ने मोदी पर एक पुस्तक लिखी है। 'मोदी'ज नीति शास्त्रः द वल्ड्‌र्स हिज ऑयस्टर' नामक पुस्तक मोदी के तीन कार्यकालों के दौरान कानूनी क्रांति का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है। पीएम मोदी ने कार्यकाल के लगातार 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं, इस दौरान मुख्य रूप से राजनीति, अर्थशास्त्र, सामाजिक समानता, नागरिक कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन में उनके परिवर्तनकारी प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया है।'

### हिंदू कार्यकर्ता की हत्या की जांच एनआईए करेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर्नाटक के मंगलुरु में पिछले महीने हमलावरों के एक समूह द्वारा हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) करेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संघीय आतंकवाद रोधी एजेंसी से शेट्टी की 'लक्षित हत्या' से संबंधित मामले की जांच करने को कहा है जिसका उद्देश्य 'लोगों के मन में आतंक पैदा करना' था।

### बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ का निधन

**हैदराबाद (भाषा)।** तेलंगाना में विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक मगंती गोपीनाथ का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। पांच जून को दिल का दौरा पड़ने के बाद गोपीनाथ को एआईजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया कि सुबह पौने छह बजे मृत घोषित कर दिया गया। गोपीनाथ ने मोहम्मद अजहरुद्दीन को हराया था।

# 2026 में तमिलनाडु–पश्चिम बंगाल में राजग की सरकार बनेगी : शाह

♦ मुदुरै में आयोजित भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन परिवर्तन लाएगा, द्रमुक को सत्ता से बेदखल करेगा

भाषा ▸▸ मदुरै (तमिलनाडु)

■ तमिलनाडु विस चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को 'परिवर्तन' का शहर बताया और कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बदलाव लाएगा और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को सत्ता से बेदखल करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा-अन्नाद्रमुक मिलकर तमिलनाडु में राजग की सरकार बनाएंगे और लोग 2026 के चुनावों में द्रमुक को हराएंगे। शाह ने कहा कि द्रमुक सरकार 100 प्रतिशत विफल रही है।

शाह ने कहा कि वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजग सरकार बनाएगा। शाह ने राज्य, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित करने से पहले भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। अप्रैल में तमिलनाडु की अपनी यात्रा के दौरान शाह ने अन्नाद्रमुक के साथ संबंधों को फिर से बहाल करने की घोषणा की थी।

### तमिलनाडु की द्रमुक सरकार शत प्रतिशत असफल




### मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की



शाह ने मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मंदिर के पुजारियों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मदुरै अधीनम के पुजारी श्री ला श्री हरिहर श्री ज्ञानसंबंद देसिका स्वामीगल ने शाह को शॉल व पुस्तकें भेट कीं।

## राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग की दो टूक

# अगर जवाब चाहिए तो सीधे पत्र लिखिए

**वार पलटवार**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में राहुल गांधी के चुनाव आयोग को लेकर दिए बयान के बाद सियासी पारा गर्म हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विस चुनाव 2024 में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने खारिज कर दिया है। रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर राहुल गांधी के लेख पर निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगे जाने के एक दिन बाद, आयोग से जुड़े सूत्रों ने रविवार को कहा कि यह संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा जब विपक्ष के नेता सीधे उसे पत्र भेजेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद कर दी।

### सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने पर दिया जवाब

*राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों की शाम की सीसीटीवी फुटेज मांगे जाने संबंधी एक सवाल के जवाब में सूत्रों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव याचिका दायर होने पर मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच सक्षम उच्च न्यायालय ही कर सकता है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा, चुनाव की शुचिता के साथ-साथ मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए निर्वाचन आयोग ऐसा करता है। राहुल गांधी मतदाताओं की गोपनीयता का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं, जिसकी चुनाव कानूनों के अनुसार निर्वाचन आयोग को रक्षा करनी होती है? उन्होंने कहा कि किसी भी गड़बड़ी से निपटने के लिए गांधी को उच्च न्यायालयों पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा कि मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाकर गांधी ने वास्तव में अपनी ही पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ स्तर के एजेंट और महाराष्ट्र में अपनी ही पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतदान एवं मतगणना एजेंट पर सवाल उठाए हैं।*




### आयोग ने दिया था आरोपों का जवाब

इससे पहले निर्वाचन आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया था और इसे कानून के शासन का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान हैं। चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।'

### राहुल गांधी का आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दो समाचार पत्रों में लेख लिखकर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। उन्होंने कहा था कि यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार रही होगी।

### राहुल गांधी को जनता ने किया खारिज, जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे: फड़णवीस

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं, क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है। फड़णवीस ने प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर पोस्ट में आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विस चुनाव "लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट" था व यह 'मैच फिक्सिंग' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी।



### राहुल गांधी के लेख ने भाजपा को बेनकाब कर दिया है: संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लेख में 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में "मैच फिक्सिंग" और "धांधली" का आरोप लगाने से भाजपा को बेनकाब कर दिया है। राउत ने दावा किया कि गांधी के लेख ने दुनिया के उन लोगों के बीच चिंता पैदा कर दी है जो लोकतंत्र में भरोसा रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि गांधी एक "अद्भुत इंसान" हैं और विपक्ष के नेता के संवैधानिक पद पर हैं।

## मोदी सरकार के अधीन संवैधानिक निकायों को हाईजैक किया: तेजस्वी

भाषा ▸▸ पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं को "हाईजैक" करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा को तारीखों की घोषणा से पहले ही चुनाव कार्यक्रमों के बारे में पता चल जाता है। तेजस्वी ने यह भी दावा किया कि 2020 में हुए पिछले राज्य विधानसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों को लेकर गठबंधन सहयोगी एवं राहुल गांधी द्वारा उठाए गए संदेह का समर्थन किया। यादव ने कहा कि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले राजग के केंद्र में सत्ता में आने के बाद से सभी संवैधानिक निकायों को "हाईजैक" कर लिया गया है।



## जनता तय करेगी कहां से चुनाव लड़ें

भाषा ▸▸ आरा (बिहार)

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि इस साल के उत्तरार्द्ध में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार की जनता को तय करना है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने भोजपुर जिले के आरा में रैली में यह बयान दिया। 2020 के विस चुनाव से पहले गढ़े गए एक पुराने नारे को याद करते हुए चिराग ने कहा कि मैं बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ूंगा।



### एनडीए की 'मजबूती' के लिए पार्टी 243 सीटों पर लड़ेगी

**भोजपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और यह लड़ाई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से लड़ी जाएगी। भोजपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। चिराग पासवान ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी किसी भी तरह से एनडीए से अलग नहीं है, बल्कि उनका लक्ष्य गठबंधन को और अधिक मजबूती देना है।

## गोवा सरकार ने आलोचना के बाद जीएमसीएच डाक्टर निलंबित किया

भाषा ▸▸ पणजी

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने चिकित्सा पेशेवरों और विपक्षी दलों की तीखी प्रतिक्रिया के बीच कहा कि मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोपी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निलंबित नहीं किया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने सरकारी अस्पताल के चिकित्सक को निलंबित करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि उसने एक मरीज के साथ 'उचित व्यवहार नहीं किया' था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की गोवा शाखा ने मंत्री की कार्रवाई की निंदा की और अधिकारियों से व निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करते हुए चिकित्सक को बहाल करने की अपील की।



■ चिकित्सक पर मरीज से उचित व्यवहार नहीं करने का आरोप

**बहुचर्चित कैशकांड केस**

## जस्टिस वर्मा के पास महाभियोग से बचने का इस्तीफा ही विकल्प

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

■ संसद ने हटाया तो पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिलेंगे



■ सरकार प्रस्ताव लाने पर दे रही जोर
■ मौखिक बयान इस्तीफा माना जाएगा
■ न्यायाधीश के इस्तीफ के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं

नकदी बरामदगी मामले में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा लाए जाने वाले महाभियोग से बचने के लिए इस्तीफा देने का ही एकमात्र विकल्प बचा है। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया के जानकार अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए जस्टिस वर्मा इस्तीफे की घोषणा कर सकते हैं और उनके मौखिक बयान को ही उनका इस्तीफा माना लिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि अगर जस्टिस वर्मा इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद द्वारा हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभ नहीं मिल सकेंगे। संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए अपने हस्ताक्षर सहित लिखित रूप में अपना पद त्याग सकता है। इसके लिए किसी अनुमोदन की जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मार्च में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी। उस वक्त जस्टिस वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। आग के दौरान जस्टिस वर्मा के आवास के आउटहाउस में नकदी की कई जली हुई बोरियां मिलीं थीं।

## सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा: मोहन भागवत

**कानपुर (उप्र) (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा। दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे भागवत ने रविवार को नवाबगंज स्थित दीन दयाल उपाध्याय स्कूल में स्वयंसेवकों से संवाद किया। उन्होंने कहा, "सभी हिंदुओं को एकजुट करने के लिए काम करना होगा। हर घर में संस्कार होने चाहिए और परिवार में लोग एकजुट होने चाहिए, ताकि हर घर में सनातन परंपरा को फिर से स्थापित किया जा सके।" रविवार को पूरे दिन संघ के पदाधिकारियों के साथ भागवत की चार बैठकें हुईं। भागवत ने संघ के कार्यों, शाखाओं, विद्यार्थियों के बीच किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा,"हमें शाखा क्षेत्र के हर परिवार से संपर्क करना चाहिए।"

## पायलट की विशेष घोषणा पर विमान यात्रियों में चिनाब नदी पर बने पुल की तस्वीर लेने की होड़

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा कि चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: "आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और मोबाइल पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है - यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं।



■ कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे
■ पुल का उद्घाटन छह जून को मोदी ने किया था

**राजस्थान में गुर्जर समाज ने किया प्रदर्शन**

## महापंचायत खत्म होने के बावजूद भी विरोध पर अड़े, 2 घंटे बाद ट्रैक से हटे

एजेंसी ▸▸ भरतपुर

राजस्थान के भरतपुर में आरक्षण समेत विभिन्न मांगों को लेकर गुर्जर समाज की 'महापंचायत' हुई जो राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों पर सकारात्मक जवाब दिये जाने पर समाप्त हो गई। हालांकि समाज के कुछ लोगों ने सरकार के जवाब पर कथित तौर पर असंतोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने वहां से गुजरने वाली एक यात्री ट्रेन को रोक दिया जिससे डेढ़ घंटे से अधिक समय तक रेल सेवाएं बाधित रहीं। इससे पहले समाज के नेता विजय बैंसला ने महापंचायत में राज्य सरकार का जवाब पढ़ा। इसमें अति पिछड़े वर्ग को पांच प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए राज्य मंत्रिमंडल से मंजूरी दिलाने, गुर्जर आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए पुलिस मामलों के निपटान के लिए हर जिले में एक नोडल

### आरक्षण के मसौदे का विरोध



मोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। इससे बाद कई लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया। नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था। गुर्जर समाज की ओर से सरकार को रविवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा था- कुछ लोग इस बात पर अड़े हुए हैं कि हम सरकार के खिलाफ ही रहेंगे और बोलेंगे। लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

### कारगिल से विमान से कमांड अस्पताल लाए जवान की जान बचाई

**चंडीगढ़ (भाषा)।** सेना की पश्चिमी कमान के चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल ने चिकित्सीय कुशलता का परिचय देते हुए एक जवान की जान बचाई जिसे करगिल से गंभीर स्थिति में हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया गया था। एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जवान को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी और उसमें 'बाइलेटरल पल्मोनरी थ्रॉम्बोएम्बोलिज़्म' (दोनों फेफड़ों में खून के थक्के जमने) की पुष्टि हुई। बयान के अनुसार, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरूषोत्तम के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने समय रहते जांच और आपातकालीन उपचार किया।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 3.37 लाख लोग प्रभावित

उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं

# सिक्किम: अब भूस्खलन में फंसे लोगों को बचा रहा हेलीकॉप्टर, लगातार बारिश से सड़कें हो गईं ध्वस्त

एजेंसी ▸▸ गंगटोक

सिक्किम में पिछले कई दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के चलते सिक्किम में कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। सिक्किम सरकार ने राज्य के उत्तरी हिस्से में भूस्खलन प्रभावित इलाकों में फंसे टैक्सी चालकों और कुछ स्थानीय लोगों को बचाने के लिए एक हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की है। एक अधिकारी ने कहा, 'चाटेन में फंसे स्थानीय लोगों, पर्यटक टैक्सी चालकों और कुछ सरकारी अधिकारियों के अनुरोध पर राज्य सरकार ने उन्हें तत्काल हवाई मार्ग से निकालने के लिए एक विशेष हेलीकॉप्टर उड़ान की व्यवस्था की है।' उन्होंने कहा कि यह राहत और बचाव कार्य राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समन्वित प्रयासों का हिस्सा है, जो हाल के खराब मौसम और भूस्खलन के कारण प्रभावित इलाकों में सड़क संपर्क टूटने की स्थिति को देखते हुए किए जा रहे हैं। वहीं, एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आज सुबह पाक्योंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई। इसमें पहला हेलीकॉप्टर चाटेन की ओर रवाना हुआ ताकि वहां से लोगों को निकालने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सभी नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारी बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में भूस्खलन की कई घटनाएं हुई हैं, जिससे सड़क और दूरसंचार संपर्क बाधित हो गया है। उत्तरी सिक्किम के चाटेन क्षेत्र में भूस्खलन और लगातार बारिश के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है।



**पर्यटकों को निकालने के लिए किए विशेष प्रबंध**

### अब तक 23 लोगों की मौत, कई लोग हुए घायल, जलस्तर घटा

असम में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार के साथ राज्य के 12 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की जनसंख्या घटकर अब लगभग 3.37 लाख रह गई है और प्रभावित क्षेत्र का दायरा भी कम हुआ है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस साल बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक कुल 23 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें कहा गया कि ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है, हालांकि इनमें से कुछ अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शनिवार शाम तक धुबरी में ब्रह्मपुत्र नदी, धरमतूल में कोपिली नदी, बीपी घाट क्षेत्र में बराक नदी तथा श्रीभूमि में कुशियारा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही थीं।

## चिंतन

# गरीबी कम हुई, अब आर्थिक सुधार की दिशा में बढ़े केंद्र

पीएम मोदी की राजग सरकार 3.0 ने आज नौ जून को एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस तरह वर्ष 2014 में भारी बहुमत से सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। मोदी सरकार के कामकाज का आकलन किया जाए तो सरकार के खाते में अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन साथ में कई विफलताएं भी हैं। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि गरीबी कम करने में सफलता है, तो सबसे बड़ी विफलता पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को हैंडल करने के मोर्चे पर है। विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2011-12 से वर्ष 2022-23 के बीच 11 वर्ष में अत्यधिक गरीबी में 21.8 फीसदी की कमी आई है। देश में अत्यधिक गरीबी दर वर्ष 2011-12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। करीब 17 करोड़ लोग बेहद गरीबी से बाहर निकले हैं। खास बात है कि गरीबी में कमी नए पैमाने के आधार पर आई है। अब रोजाना 3 डॉलर (लगभग 257 रुपये) तक खर्च करने वाले बेहद गरीब की श्रेणी में माने जाएंगे, जबकि पहले यह सीमा 2.15 डॉलर थी। काफी पहले संयुक्त राष्ट्र और नीति आयोग ने गरीबी से बाहर निकलने को लेकर अलग-अलग पर उत्साहजनक आंकड़े जारी किए हैं। 2024 तक भारत में करीब 5.44 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो प्रतिदिन 3 डॉलर से भी कम खर्च में जीवन जी रहे हैं। यह आंकड़ा कई विकसित देश के गरीबी के आंकड़े से कम है। गरीबी से बाहर निकलने में लोगों को सरकार की पीडीएस जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से मदद मिली है। अब सरकार को इस आंकड़े का प्रयोग जनकल्याणकारी योजनाओं को रिमॉडल करने में करना चाहिए और सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना चाहिए। कयास के विपरीत मोदी सरकार 3.0 मजबूत व आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है। 400 पार के नारों के बीच जब भाजपा को वर्ष 2024 के आम चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं मिला और उसकी टीडीपी व जेडीयू पर निर्भरता हो गई तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की पाला बदलने की सियासी फितरत के चलते कांग्रेस ने मोदी सरकार में उथलपुथल की संभावना को रेखांकित किया था। पर जहां नायडू व नीतीश भरोसेमंद साबित हुए, वहीं पीएम काफी सहज हैं। अब भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नए सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। मोदी सरकार ने महिला केंद्रित व नीत विकास को बढ़ावा देकर अपने लिए नया जनाधार तैयार किया है। डिजिटल सेक्टर में सरकार ने काफी क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। हालांकि विनिर्माण सेक्टर में ग्रोथ चुनौती बनी हुई है। नक्सलवाद को कम करने में मदद मिली है, पर आतंकवाद के खिलाफ बहुत कुछ करना बाकी है। विदेश नीति की धार ऑपरेशन सिंदूर के बाद कुंद हुई है, इसे तुरंत पटरी पर लाने की जरूरत है। अमेरिका से रिश्ते बराबरी के स्तर पर रखने चाहिए। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं, रक्षा क्षेत्र को मॉडर्न वार टेक्नीक से लैस करने की आवश्यकता है। प्रशासनिक, न्यायिक और पुलिस सुधार की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सरकार को कृषि, सेवा क्षेत्र के साथ उद्योग क्षेत्र पर केंद्रित रहना चाहिए, आर्थिक सुधार के अगले चरण को लागू करना चाहिए, विभिन्न करों का सरलीकरण करना चाहिए। अपनी सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट करना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य सभी मानकों पर विकास से हासिल होंगे, केवल चौथी अर्थव्यवस्था के आंकड़े भर से नहीं।



11 वर्ष

उमेश चतुर्वेदी

> अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला, लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है।

# मोदी सरकार से अभी और हैं उम्मीदें

भारतीय परंपरा में ग्यारह की संख्या शुभ मानी जाती है। पारिवारिक और धार्मिक समारोहों में शगुन के रूप में ग्यारह रुपये की भेंट देने की परंपरा इसी वजह से रही है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को शगुन काल भी कह सकते हैं। ग्यारह साल का वक्त कम नहीं होता। इस दौरान पीढ़ी भी बदल जाती है। ऐसे में इस पूरे दौर का जो मूल्यांकन होगा, उसे पीढ़ीगत नजरिए से भी देखना होगा, क्योंकि हर नई पीढ़ी का नजरिया बुजुर्गों से अलग होता है। इन अर्थों में देखेंगे तो प्रधानमंत्री मोदी और उनका कार्यकाल अनूठा लगेगा। मोदी और उनकी कार्यशैली पुरानी पीढ़ी को भी पसंद हैं और नई पीढ़ी के तो प्रेरक हैं ही। इसकी वजह है, उनकी अद्भुत संप्रेषण कला, जिसके जरिए वे सीधे लोगों के दिलों से जुड़ जाते हैं। नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। किसने सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली भारतीय जनता पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है।

अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में आकांक्षाओं का उद्दाम होना स्वाभाविक है और सारी आकांक्षाओं का पूरा कर पाना भी संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों, जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा। मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्‌घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्‌घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरुआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र के कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में संजीदापन तो आया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर



में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी ग्यारहवीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है। मोदी सरकार की कई उपलब्धियां हैं। देश ने मेडिकल कॉलेजों के मोर्चे पर बड़ी सफलता हासिल की है। साल 2014 में जहां इन कॉलेजों की संख्या 387 थी, वह 2025 में बढ़कर 780 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस की सीटें भी 51,348 से बढ़कर 2024 में 1.18 लाख हो गई हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में बीजेपी के दावे के अनुसार, 17.1 करोड़ नई नौकरियां निकलीं। इस दौरान स्टार्टअप से 1.61 लाख युवाओं को रोजगार मिला। बीजेपी के दावे के अनुसार, सरकार की कौशल विकास मिशन के तहत अब तक 2.27 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग मिल चुकी है। उज्ज्वला योजना के तहत अब तक करीब दस करोड़ 28 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। मुद्रा योजना के तहत करीब 52 करोड़ ऋण खाते खोले गए हैं, यानी करीब इतने लोगों को कर्ज मिल चुका है। इससे उद्यमशीलता को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास, जन-धन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश में बदलाव लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। देशभर में बारह करोड़ शौचालयों का निर्माण भी मामूली उपलब्धि नहीं है। मोदी सरकार की इन योजनाओं के चलते देश में बदलाव हुआ है। सबसे बड़ा बदलाव डीबीटी यानी सीधे कैश ट्रांसफर की योजनाओं ने ग्रामीण और कमजोर वर्गों तक शासन की योजनाओं की पहुंच बढ़ाई है।

जापान को पछाड़कर भारत हाल ही में दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। देश सिर्फ आर्थिक ही नहीं, सांस्कृतिक मोर्चे पर लगातार विकास कर रहा है। इस विकास में परंपरा, आधुनिकता और वैश्विक जुड़ाव का अद्भुत समावेश नजर आता है। मोदी सरकार की ही देन है कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन का महाकाल लोक, मां कामाख्या मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, केदारनाथ धाम और जूना सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। राममंदिर के निर्माण की उपलब्धि ही मोदी सरकार के खाते में जाती है। करतारपुर कॉरिडोर के चलते पाकिस्तान स्थित दरबार साहिब भारतीय सिखों के लिए सुलभ हुआ। इसी दौरान राष्ट्र निर्माताओं को सम्मान देने की दिशा में प्रधानमंत्री संग्रहालय, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक जैसे संस्थान बनाए गए।

मोदी सरकार के ही कार्यकाल में आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बनी और उसे लागू किया गया। ऑपरेशन सिंदूर उसका ही प्रतीक है। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का खात्मा, 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे कदम मोदी सरकार ने ही उठाए। नक्सलवाद पर लगाम भी तेजी से इसी दौर में लगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है। लेकिन भारत जैसे बहुभाषी, बहुरंगी देश में अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आर्थिक आय की असमानता में संतुलन आज की बड़ी जरूरत है। भारत को यूरोप की तर्ज पर विकसित करने, प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने की जरूरत अब भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में भारत इन उपलब्धियों को भी हासिल करने में सफल रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मस्क-ट्रंप महासमर

प्रो. आर.के. जैन



# स्पेसएक्स से व्हाइट हाउस तक, कौन किसे मात देगा

एक ऐसी जंग शुरू हो चुकी है, जो न केवल दो दिग्गजों एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच का टकराव है, बल्कि यह सत्ता, पूंजी और तकनीक का वह महासमर है, जो दुनिया को नई दिशा दे सकता है। यह दो तूफानों का मिलन है। एक ओर मस्क, जिन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों से भविष्य को फिर से परिभाषित किया, दूसरी ओर ट्रंप, जिनका राजनीतिक प्रभाव वैश्विक समीकरणों को हिलाने की ताकत रखता है। इनके बीच की यह लड़ाई अब केवल शब्दों की जंग नहीं रही, यह टेस्ला के शेयरों की गिरावट, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान और वैश्विक सत्ता के गलियारों तक को हिला रही है। दोनों के पास दुनिया के सबसे बड़े मंच हैं, और अब ये मंच एक-दूसरे के खिलाफ खतरनाक हथियार बन चुके हैं। यह टकराव एक ऐतिहासिक मोड़ है, जो भविष्य की दुनिया को आकार दे सकता है। इस जंग की शुरुआत तब हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने मस्क की कंपनियों, खासकर स्पेसएक्स को मिलने वाली अरबों डॉलर की सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों को खत्म करने की धमकी दी। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा - बजट बचाने का सबसे आसान तरीका मस्क की सब्सिडी और कॉन्ट्रैक्ट्स को रद करना है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, स्पेसएक्स नासा के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) तक अंतरिक्ष यात्रियों और सामग्री पहुंचाने का महत्वपूर्ण साधन है। ट्रंप की यह धमकी मस्क के कारोबारी साम्राज्य की रीढ़ तोड़ने की कोशिश हो सकती है। इसका असर तुरंत दिखा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को टेस्ला के शेयर 14% तक गिर गए, जिससे निवेशकों में खलबली मच गई। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि मस्क की कंपनियां इस जंग में कितनी जोखिम में हैं। एलन मस्क, जिन्हें दुनिया एक दूरदर्शी नवप्रवर्तक के रूप में जानती है, ने ट्रंप की इस चुनौती को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उन्होंने जवाबी हमला बोलते हुए ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की मांग की और अपने ड्रैगन अंतरिक्ष यान के कार्यों को तेज करने की बात कही। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह यान अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए अपरिहार्य हैं। मस्क का यह कदम ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश देता है कि वे किसी भी कीमत पर झुकने वाले नहीं। इस टकराव के परिणाम मस्क और ट्रंप तक सीमित नहीं हैं। मस्क के पास असीमित संसाधन हैं, जिनका उपयोग वे राजनीतिक प्रभाव डालने के लिए कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, मस्क ने दावा किया कि वे "सचमुच एक बड़ा बम गिरा रहे हैं," जिससे संकेत मिलता है कि वे अगले अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के विद्रोही उम्मीदवारों को फंडिंग दे सकते हैं। यह कदम ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप के पास सरकारी मशीनरी का नियंत्रण है, जिसका उपयोग वे मस्क की कंपनियों को निशाना बनाने के लिए कर सकते हैं। यदि ट्रंप अपनी धमकी को अमल में लाते हैं, तो स्पेसएक्स के अनुबंधों पर असर पड़ सकता है, जिसका प्रभाव अमेरिका के अंतरिक्ष कार्यक्रम और वैश्विक अंतरिक्ष सहयोग पर होगा। आर्थिक प्रभाव पहले ही सामने आ चुका है। टेस्ला के शेयरों की गिरावट से निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है, जैसा कि रॉयटर्स ने उल्लेख किया। स्पेसएक्स के अनुबंधों पर खतरा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और अंतरिक्ष अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। यदि मस्क अपने ड्रैगन यान के कार्यों को बंद करते हैं, तो नासा को वैकल्पिक व्यवस्था ढूंढनी पड़ेगी, जो एक जटिल और महंगा कदम होगा। यह जंग तकनीक और सत्ता के बीच संबंधों को उजागर करती है। मस्क की कंपनियां निजी क्षेत्र की ताकत का प्रतीक हैं, जबकि ट्रंप सरकारी शक्ति का चेहरा हैं। यह टकराव यह सवाल उठाता है कि क्या निजी कंपनियां सरकारों को चुनौती देने की ताकत रख सकती हैं? यह जंग अब केवल दो व्यक्तियों की लड़ाई नहीं, बल्कि एक वैश्विक रण है, जो तकनीक, पूंजी और सत्ता के भविष्य को परिभाषित करेगा। दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं कि यह टकराव कहां तक जाएगा। क्या मस्क अपने संसाधनों के दम पर ट्रंप को पछाड़ देंगे, या ट्रंप की सरकारी मशीनरी मस्क के साम्राज्य को झुका देगी? यह युद्ध न केवल इन दो दिग्गजों की साख का सवाल है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीकी नवाचार और राजनीतिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। यह एक ऐसी आंधी है, जो दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर रही है कि सत्ता और पूंजी का यह महासंग्राम हमें किस भविष्य की ओर ले जाएगा। यह टकराव एक नई कहानी लिख रहा है, एक ऐसी कहानी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनुष्य हो तो पहले प्राप्त करो ज्ञान



संकलित

दर्शन

मन में पहली जिज्ञासा यही होती है कि एक साधक होने के लिए व्यक्ति में क्या योग्यता होनी चाहिए। क्या साधक में आयु, ज्ञान या फिर चरित्र संबंधी योग्यता होनी चाहिए। ज्ञानीजन कहते हैं कि एक साधक के भीतर मनुष्यता होना जरूरी है, तभी वह अपने कर्त्तव्यों को अच्छी तरह से निभा पाएगा। मनुष्य का प्राथमिक कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना है। व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना भी करनी चाहिए। इसके साथ ही पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी देखना चाहिए। यह मनुष्य की साधना का एक चरण है। पार्वती ने शिव से पूछा, 'साधक बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता क्या है?' शिव ने उत्तर दिया, 'जब जीव अपने कर्मों के फलस्वरूप मानव रूप धारण कर लेते हैं, तब वे साधना करने के योग्य हो जाते हैं।' पार्वती द्वारा रखा गया अगला प्रश्न था, 'साधना करने के लिए मनुष्य में आयु, योग्यता, चरित्र आदि जैसी कौन-सी योग्यताएं होनी चाहिए?' इस पर शिव के उत्तर को इस तरह समझा जा सकता है कि उम्र के संबंध में यह कहना उचित होगा कि मानव जीवन में मूल रूप से चार चरण होते हैं। पहले चरण में मनुष्य का पहला कर्तव्य ज्ञान प्राप्त करना और धर्म साधना करना है। दूसरे चरण में, व्यक्ति को सांसारिक कर्तव्यों को पूरा करना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। तीसरे चरण में, किसी भी शेष पारिवारिक जिम्मेदारियों को देखना चाहिए और धर्म साधना करनी चाहिए। अंत में यानी चौथे चरण में जब मानव शरीर सांसारिक कर्तव्यों को निभाने में अक्षम हो जाता है, तो व्यक्ति को अकेले धर्म साधना करनी चाहिए।

# आप पर कैसे बरसेगी कृपा



संकलित

प्रेरणा

कृपा कोई अमूर्त, गैरहाजिर विचार या कल्पना नहीं है पर ये एक जीवित शक्ति है, जिसे हम अपने जीवन में आमंत्रित कर सकते हैं। हम अपनी शक्ति, बुद्धि और जानकारी से जो कुछ भी कर सकते हैं, वह सब बहुत सीमित है। अगर आप कृपा की खिड़की को खोल सकें तो जीवन ऐसे अद्भुत तरीके से चलेगा, जो संभव होने की आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके सामने हर जगह यह सवाल है, 'मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं?' पर, यह कोई करने वाली चीज नहीं है। आपके अंदर, अगर कोई खाली जगह है, जहां आपके विचार और पूर्वाग्रह, आपकी भावनाएं और विचारधाराएं अंदर न आ सकें, तो आपके जीवन में कृपा एक प्रबल शक्ति की तरह होगी। अगर आप अपने ही विचारों, अपनी ही भावनाओं और कल्पनाओं आदि से भरे हुए हैं तो कृपा आपके आसपास बहते हुए भी, आपके अंदर कुछ नहीं होगा। ज्यादातर लोगों के जीवन के साथ यही त्रासदी है कि उनके आसपास एक जबर्दस्त संभावना हमेशा बनी रहने के बावजूद वे उसे पूरी होने नहीं देते। सभी आध्यात्मिक प्रक्रियाओं के लिए विचार, फोकस और करने के तरीके यही हैं कि आपके व्यक्तित्व को खत्म कर दिया जाए, जिससे आपके अंदर कोई खाली उपस्थिति बने और वह आपके लिए कृपा और संभावना का ऐसा प्रवेश द्वार बने, जिसके बनने की संभावना के बारे में आपने कभी सोचा ही नहीं होगा। सवाल यह नहीं है कि आप पर कृपा काम कर रही है या नहीं? वह तो कर ही रही है, वरना आपका अस्तित्व ही संभव नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता–पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। *–कुणाण सिंह ठाकुर, रायपुर*

## करंट अफेयर

# कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,000



देश में पिछले 48 घंटे में कोविड–19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। भारत में कोविड–19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। कोविड–19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

## ऑफ बीट

# ऑक्सफोर्ड विवि में भारतीय छात्रों को रोड्स छात्रवृत्ति



ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने वाले रोड्स स्कॉलरशिप ट्रस्ट ने 2028 से भारतीयों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या को देश की जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने की योजना बनाई है। अगले साल से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदनों की घोषणा से पहले, भारत आए ट्रेनर ने साक्षात्कार में बताया कि वर्तमान में भारतीय अभ्यर्थियों को सालाना छह छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। अब प्राथमिकता उन स्थानों के लिए कुछ अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान करने की है, जहां जनसंख्या के अनुपात में विद्वानों की संख्या अधिक हो सकती है और भारत उन देशों में से एक है। इसलिए, हमारे पास भारत के लिए प्रति वर्ष छह छात्रवृत्तियां हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, इस देश में डेढ़ अरब लोग हैं, इसलिए अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए। रोड्स हाउस के अंतरिम 'वॉर्डन' ने कहा, हम अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए धन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि ट्रस्ट को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की फीस का भुगतान करने तथा छात्रों के जीवन–यापन के व्यय का भुगतान करने के लिए निधि में धन की आवश्यकता है। छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने के लिए चीन और अफ्रीका जैसे अन्य देश भी प्राथमिकता में हैं।

## ट्रेंड

### किसानों के इनोवेशन



हमारे वैज्ञानिकों ने जो रिसर्च और इनोवेशन किया है, और इनोवेशन से फार्मर को भी जोड़ा है, उसका परिणाम मैं आज देख रहा हूँ। हमारे किसानों ने भी अलग-अलग ढंग के इनोवेशन किये हैं।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### खुले में शौच से मुक्ति



हर घर में शौचालयों के निर्माण से नारी शक्ति के लिए सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ। 11 वर्षों में, भारत खुले में शौच से मुक्त हो गया, 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालय और 2.49 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसर बने हैं।
**- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### जनता का भरोसा जीता



सिर्फ एक साल में हमने दिखा दिया है कि एक सच्ची जनता की सरकार कैसी होती है। बीजेडी के कई सालों के झूठे वादों और आकर्षक विज्ञापनों के बाद, ओडिशा के लोगों ने बदलाव को चुना और हमने उस भरोसे को कार्रवाई से पूरा किया है।
**- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा**

### बिजली कटौती शुरू



भाजपा की राजस्थान में सरकार बनने का एक वर्ष पूरा होने पर प्रचार किया गया कि प्रदेश अब बिजली में सरप्लस स्टेट हो गया है लेकिन गर्मी बढ़ते ही हर जगह बिजली कटौती शुरू हो गई। बिजली वितरण का ढांचा चरमराया है जिससे आमजन त्रस्त है।
**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर जीत दर्ज की**

# दो सेट गंवाने के बाद अल्कारेज ने सिनर को हराकर जीता फ्रेंच ओपन

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दूसरे वरीय और गत विजेता कार्लोस अल्कारेज ने दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी स्पेन के अल्कारेज ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए शीर्ष वरीय सिनर को पांच घंटे 29 मिनट में 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से हराकर इटली के खिलाड़ी के ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 20 जीत के अभियान पर विराम लगाया। सिनर ने पिछले साल अमेरिकी ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था और उनकी नजरें पेरिस में ग्रैंडस्लैम जीत की हैट्रिक पूरी करने पर थी। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज का यह पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब है जबकि सिनर के नाम तीन ग्रैंडस्लैम खिताब दर्ज हैं। अल्कारेज ने अब तक कोई ग्रैंडस्लैम फाइनल नहीं गंवाया है जबकि सिनर को पहली बार ग्रैंडस्लैम के खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। बाइस वर्षीय अल्कारेज का इस साल क्ले कोर्ट पर जीत-हार का रिकॉर्ड 22-1 हो गया है।





## सारा-जैस्मीन ने जीता महिला युगल का खिताब

**पेरिस।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता। वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी। पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी।

## ग्रैनोलर्स-जेबालोस को पहली बार मिली सफलता



पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और जेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।

## टैगर और मैकडोनाल्ड को जूनियर खिताब



ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर ज़ेवरेव के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लड़कों का एकल खिताब जीता।

फुटबॉल

## केन ने गोल कर एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था।

केन ने कहा, 'हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे।'

## टाइगर्स ने नागपुर टाइटंस को हराया



*__नागपुर।__ ऑरेंज टाइगर्स ने रविवार को यहां डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत नागपुर टाइटंस को आठ विकेट से हराकर विदर्भ प्रो टी20 लीग में दूसरी जीत दर्ज की। नागपुर टाइटंस के पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन दुबे की 38 गेंद में 52 रन की पारी की मदद से छह विकेट पर 153 रन बनाए। कप्तान जगजोत सासन ने भी 30 गेंद में 34 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके जवाब में ऑरेंज टाइगर्स ने रोहित बिनकर की 39 गेंद में नाबाद 62 रन की पारी की बदौलत 13.4 ओवर में दो विकेट पर 116 रन बनाकर डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत आसान जीत दर्ज की।*

## खबर संक्षेप



### हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता

**राजकोट।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया। आर्यन सोरठ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

### मुंबई लीग के अंतिम-4 में पहुंचा ब्लास्टर्स

**मुंबई।** बांद्रा ब्लास्टर्स ने रविवार को यहां एमएससी मराठा रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्लास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी और अंतिम टीम है। ईगल थाने स्ट्राइकर्स, सोबो मुंबई फाल्कन्स और एमएससी मराठा रॉयल्स ने पहले ही अंतिम चार का टिकट पक्का कर लिया है। जीत के लिए 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर और औती ने पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 118 रन की आक्रामक साझेदारी कर ब्लास्टर्स को मजबूत शुरुआत दिलाई।

### तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न।** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई।



# जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प



भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां मेजबान बेल्जियम पर 3-2 से जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारत ने गीता यादव (11वें मिनट) के गोल से बढ़त बनाई। हालांकि दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने मैरी गोएन्स (25वें मिनट) के गोल से बराबरी हासिल कर ली। जल्द ही बेल्जियम ने लुईस वैन हेके (34वें मिनट) के गोल की मदद से स्कोर 2-1 कर दिया।भारत ने इसके बाद वापसी की और सोनम (40वें मिनट) के गोल से स्कोर 2-2 कर दिया। मेहमान टीम ने लगातार हमले जारी रखे और उनकी रणनीति कारगर साबित हुई जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुआंगी (45वें मिनट) ने इसे गोल में बदलकर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इसके बाद भारतीय टीम ने मजबूत डिफेंस के साथ बेल्जियम को बराबरी हासिल नहीं करने दी। भारत अपने यूरोपीय दौरे के दूसरे मैच में 10 जून को फिर बेल्जियम से खेलेगा।

## पाकिस्तान नेशंस कप के लिए भेजेगा राष्ट्रीय टीम

**कराची।** नकदी की कमी का सामना कर रहा पाकिस्तान हॉकी महासंघ 15 से 21 जून तक मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच नेशंस कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम भेजेगा। पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने कहा कि महासंघ के अध्यक्ष मीर तारिक बुगती ने सरकार से अनुदान, प्रायोजन और यहां तक कि व्यक्तिगत दान प्राप्त किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीनियर टीम कैलेंडर वर्ष में अपने सभी अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में खेल सके। इस पूर्व ओलंपियन ने कहा, 'पीएचएफ वित्तीय संकट से गुजर रहा है लेकिन हम किसी तरह काम चला रहे हैं क्योंकि जब तक हमारे खिलाड़ी नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे वे कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे।'

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में शुरू किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶| लंदन

**गिल भारत के 37वें टेस्ट कप्तान**

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।



ताइवान ओपन एथलेटिक्स

# भारत ने दूसरे दिन भी छह स्वर्ण जीत किया अभियान का समापन



एजेंसी ▶▶| ताइपे सिटी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

### विथ्या, रोहित पूजा बने चैंपियन

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने दो मिनट 6.96 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता।

### कृष्ण 800 मीटर दौड़ के विजेता

कृष्ण कुमार ने पुरुषों के 800 मीटर फाइनल में एक मिनट 48.46 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल की। उनका यह प्रदर्शन नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी है। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में अन्नू रानी ने 56.82 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में भारत की शैली सिंह (6.41 मीटर) और ऐंसी सोजन (6.39 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। ऑस्ट्रेलिया की डेल्टा अमिडजोवस्की (6.49 मीटर) ने स्वर्ण पदक जीता।

## इंग्लैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज का 3-0 से से किया सूपड़ा साफ



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पहले ही शुरुआती दो मैच जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी। अब इस टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे मैच में मात दे उसका सूपड़ा साफ कर दिया है और 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया है। टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनने वाली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया और बारिश से बाधित मैच में 21 ओवरों में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बनाने दिए। इंग्लैंड ने महज 10.5 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की कप्तान नेट सिवर ब्रंट ने शानदार अर्धशतक जमाया। उन्होंने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। एलिस कैप्सी 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। सोफी 21 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद एलिस कैप्सी ने ब्रंट के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। दोनों के बीच 69 रनों की साझेदारी हुई। कैप्सी ने 11 गेंदों पर 20 रन बनाए।

# ईश्वरन और राहुल का अर्धशतक भारत ए को 184 रन की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड)

कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और लोकेश राहुल के अर्धशतक तथा दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट पर 163 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 184 रन तक पहुंचाया। ईश्वरन (80 रन, 92 गेंद, 10 चौके) और राहुल (51 रन, 64 गेंद, नौ चौकों) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल छह जबकि नितीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। दूसरी पारी में भारत ए की शुरुआत खराब रही और यशस्वी जायसवाल 12 गेंद में पांच रन बनाने के बाद जॉर्ज हिल (18 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर जेम्स रेव को कैच दे बैठे। ईश्वरन और पहली पारी में शतक जड़ने वाले राहुल ने इसके बाद पारी को संभाला। राहुल ने क्रिस वोक्स (31 रन पर दो विकेट) के लगातार ओवरों में चौके मारे जबकि ईश्वरन ने जोश टंग पर लगातार दो चौके जड़े। ईश्वरन ने जॉर्ज हिल पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। राहुल ने एडी जैक (35 रन पर एक विकेट) पर चौके के साथ 61 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन दो गेंद बाद इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर जोश टंग को कैच दे बैठे। भारत के रनों का शतक 23वें ओवर में पूरा हुआ। ईश्वरन ने अगले ओवर में जैक की गेंद पर दो रन के साथ 68 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। करुण नायर (15) ने भी जैक पर दो चौके मारे जबकि फरहान अहमद की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए लेकिन फिर वोक्स की गेंद पर टॉम हेन्स को कैच दे बैठे। वोक्स ने इसके बाद ईश्वरन को बेन मैकिनी के हाथों कैच कराके भारत ए को चौथा झटका दिया। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

**नीदरलैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग का मुकाबला आज**

# मैच के आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचेगा भारत

एजेंसी ▶▶| एम्सटलवीन




भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा। भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

### हारना दुर्भाग्यपूर्ण : फुल्टन

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, 'हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्ज़ा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## फ्रांस के लिए विदेश मंत्री रवाना हुए, 14 जून तक दौरे पर रहेंगे

# सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान अलग-अलग देशों के वरिष्ठ नेतृत्व से मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से यूरोपीय संघ, फ्रांस और बेल्जियम के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने और विविध क्षेत्रों में चल रहे सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे 8 से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे। जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।



फाइल फोटो

### भारत बेल्जियम के संबंध मजबूत होंगे

### भारत और बेल्जियम के आर्थिक साझेदारी से संबंध मजबूत होंगे

मंत्रालय ने कहा कि भारत और बेल्जियम बहुत मजबूत आर्थिक साझेदारी के साथ-साथ मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग व्यापार और निवेश, हरित ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल, हीरा क्षेत्र और लोगों के बीच मजबूत संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैला हुआ है।

### यूरोपियन के नेताओं से करेंगे मुलाकात

*विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूरोप के दौरे पर रवाना हो रहे हैं, जहां वे सबसे पहले फ्रांस पहुंचेंगे। इसके बाद उनकी यूरोपियन यूनियन के नेताओं के साथ मुलाकात होगी और वे बेल्जियम भी जाएंगे। यह दौरा 14 जून तक चलेगा विदेश मंत्रालय के मुताबिक विदेश मंत्री यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ एक रणनीतिक वार्ता करेंगे और थिंक टैंक और मीडिया के साथ बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ जुड़ेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर बेल्जियम की यात्रा के दौरान वहां के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रीवोट के साथ द्विपक्षीय परामर्श करेंगे। वे बेल्जियम के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। वह भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे।*

### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे जयशंकर

मामले में जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 'विदेश मंत्री एस. जयशंकर 19 से 24 मई तक नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर तीनों देशों के नेतृत्व से मिलेंगे और अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा करेंगे। उम्मीद है कि जयशंकर तीनों देशों के अपने समकक्षों को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने संबंधी भारत के फैसले से भी अवगत कराएंगे।

# सभा को संबोधित कर रहे थे, तभी सिर-पीठ में मारी गईं आठ गोलियां, हालत गंभीर, एक काबू


एजेंसी ▶▶ बोगोटा

**हमला फॉन्टिबोन के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ**


कोलंबिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार उरीबे पर प्राणघातक हमला

कोलंबिया में विपक्षी सीनेटर और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को शनिवार को बोगोटा में गोली मारी गई। वे हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'हमला' करार दिया है। 39 साल के उरीबे की हालत गंभीर है।

गोलीबारी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। विदेश मंत्री लौरा सराबिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि हिंसा कभी समाधान नहीं होता। मैं सच में उम्मीद करती हूं कि उरीबे जल्द ही ठीक हो जाएं और खतरे से बाहर हों। शनिवार को कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब एक चुनावी रैली के दौरान देश के संभावित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सत्ताविरोधी सीनेटर मिगुएल उरीबे तुरबाय पर जानलेवा हमला कर दिया गया। यह हमला फॉन्टिबोन इलाके के एक सार्वजनिक पार्क में हुआ, जहां उरीबे अपने समर्थकों के बीच मौजूद थे और भाषण दे रहे थे।



### जापान में तेरह अक्टूबर तक चलने वाले ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में भारत का 5वां स्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में देश को पांचवां स्थान मिला है। 13 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक्सपो में 160 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। जापान के ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारत को दुनियाभर के शीर्ष पांच मंडपों में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय कला केंद्र आईजीएनसीए की तरफ से संस्कृति मंत्रालय के निर्देशन में तैयार किया गया है।

**भारत-पाक सीजफायर पर ट्रंप को खरी-खरी**

### आतंकियों संग समानता ही नहीं तो 'मध्यस्थता' कैसी?

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को अमेरिका दौरा समाप्त किया। अमेरिका की धरती से ही शशि थरूर ने डोनाल्ड ट्रंप को जमकर सुनाया है। भारत-पाक के बीच सीजफायर का क्रेडिट लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप को मुंहतोड़ जवाब दिया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जोर देकर कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बाहरी मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देश बराबर नहीं हैं। ऐसे में असमान पक्षों के बीच मध्यस्थता की बात ही गलत है। उन्होंने साफ कह दिया कि आतंकियों और आतंक पीड़ितों के बीच तुलना ही बेमतलब है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाक के बीच सीजफायर कराने में मदद की।






Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. #Cash Bonus is applicable on Xtreme125R model. Ex-showroom prices of Super Splendor XTEC Drum Brake and Xtreme125R IBS OBD2B are applicable in Gurugram ^Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors, 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero, 9289922868; Assandh: Sandhu Hero, 9289922815; Bahadurgarh: Satvik Hero, 9289922550; Bhiwani: Jaya Hero, 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero, 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero, 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero, 9289922433; Gohana: Krishna Hero, 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero, 9289922049, Vikrant Hero, 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero, 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero, 9289922050; Jind: National Hero, 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero, 9289922062; Karnal: Nirmal Hero, 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero, 9289922988; Ladwa: Khanna Hero, 9289922063; Mandi Dabwali: Karan Hero, 9289922490; Nuh: Sunil Hero, 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero, 9289922058; Narwana: Narwana Hero, 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero, 9289922877; Panchkula: Regent Hero, 9289923161; Panipat: Kadian Hero, 9289923182, Sahib Hero, 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero, 9289922393; Rewari: Virendra Hero, 9289922060; Rohtak: Shivam Hero, 9289922047; Sirsa: Khanna Hero, 9289923195; Sonipat: Sidak Hero, 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero, 9289922394; Faridabad: Sehgal Hero, 9289922419, Sehgal Hero, NIT, 9289207333, Gurgaon: Himgiri Hero, 9289923046, Autoneeds Hero, 9289922051, Jaasodha Hero, 9289922495, Sharma Hero, Basai Road, Sector 11, 9289923221, Hansi: Sunil Motors, 9821744694.

L&K | SAATCHI & SAATCHI